आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी. 04/2024-26

शुभ दिपावली

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दिपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 296 | उज्जैन, रविवार 08 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

SHRI MAHAKALESHWAR Group

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन


की ओर से

आप सभी शहरवासियों को

दीपावली

के पावन पर्व की

हार्दिक शुभकामनाएं!



श्री अभय यादव जी
वरिष्ठ समाजसेवी



श्री वैभव यादव जी
वरिष्ठ समाजसेवी

समाजसेवी

श्री अभय यादव जी

को उज्जैन जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनने पर

हार्दिक शुभकामनाएं...



श्री कपिल यार्दे जी
सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक



श्री नरेश शर्मा जी
उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश कुश्ती महासंघ



श्री जमना यादव जी
समाजसेवी



श्री नारायण यादव जी (दादा)
वरिष्ठ समाजसेवी
अध्यक्ष- मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ



श्री वीरेन्द्र अंजना जी
मंडल अध्यक्ष



श्री दीपक जायसवाल जी
समाजसेवी



श्री प्रमेन्द्र यादव जी
समाजसेवी

श्री संतोष चौहान जी
अध्यक्ष
श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन, उज्जैन

KUSH Solar Power Infra Pvt.Ltd

Finance Available

बढ़ती बिजली के बिल से परेशान?

तो फोन लगाएं श्रीमान... 9713109194

सभी प्रकार के सोलर प्रोडक्ट
एवं इंस्टॉलेशन सुविधा उपलब्ध
KUSH SOLAR POWER INFRA PVT.LTD.

78,000 तक की सरकारी सब्सिडी

बैंक लोन उपलब्ध

उज्जैन ऑफिस: 4/4, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, उज्जैन
इंदौर ऑफिस : 404, अलंकार पाईंट, गीता भवन चौराहा, एबी रोड, इंदौर

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

लंबे समय की नजरअंदाजी हादसा से सामने आई

धर्मनगरी में सांप निकल जाने के बाद लाठी भांजने का काम अमूमन जारी है। यही हाल ही में हुआ है। खैर जो भी हो लंबे समय से जारी नजरअंदाजी हादसा के बाद पकडाई है और उससे काफी कुछ सामने आ रहा है। निरंतर कार्रवाई जारी है और पूर्व की नजरअंदाजी भी सामने आ रही है। हाल ही में एक होटल में हुए हादसे के बाद शहर की संस्था जागी और उसके अधिकारियों ने दम भरा है लेकिन गिनती के कुछ निजी ही प्रतिष्ठान इसके दायरे में रखे गए हैं। इसके साथ ही पर्यटन से संबंधित कुछ अर्द्धशासकीय प्रतिष्ठानों को भी इस दायरे में रखा जाना चाहिए। नियम सबके लिए समान हैं और उसके दायरे में निजी हों या फिर शासकीय सभी आते हैं ऐसे मेंउन अर्द्धशासकीय प्रतिष्ठानों को भी जांच के दायरे में लिया जाना चाहिए जहां जाने के पहले शहर की संस्था के कर्मठ नुमाइंदे सोच रहे हैं। कुछ भी हो लंबे समय से चली आ रही नजरअंदाजी की लापरवाही तो सामने आ ही गई है। इन संस्थानों में जो कुछ चल रहा था वो मात्र एक दो दिन का नहीं था। उनके यहां कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण नहीं हो रहा था। जैविक कचरे के प्रसंस्करण के लिए कम्पोस्टिंग व्यवस्था एवं अन्य संसाधन खराब हैं। कम्पोस्टर बिन में मिश्रित कचरा मिलना। दैनिक अपशिष्ट प्रबंधन का रिकॉर्ड एवं लॉगबुक उपलब्ध नहीं होना। सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे के उचित भंडारण तथा उससे संबंधित रिकॉर्ड का भी अभाव होना। बायोमेडिकल कचरे का निर्धारित नियमों के अनुसार प्रबंधन नहीं होना। एसटीपी प्लांट जाम मिलना, उसकी स्थिति खराब मिलना। ड्रेनेज सिस्टम एवं एसटीपी प्लांट बंद मिलना टैंकों में गाद भरी होना, संपूर्ण प्लांट बंद एवं खराब मिलना। प्लांट से निकलने वाले पानी के निस्तारण की व्यवस्था उचित नहीं होना तथा वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट उपलब्ध नहीं होना ये सब बता रहा है कि ये मसला एक दो दिन का नहीं लंबे समय से गुड भैली के साथ खेला जा रहा था। जैसे बाजार में गुड के उपर मधुमक्खी मंडराती रहती है और वह न तो दुकानदार को काटती है और न ही ग्राहक को,लेकिन जैसे ही मधुमक्खी कहीं आहत होती है तो फिर वह दुकानदार और ग्राहक दोनों को सूजा देती है। यही सब गुड भैली के तहत होता है। खुसूर-फुसूर है कि अब जब कहानी छिड़ ही गई है तो इसे चाहे अन्यानेक भाग में लिखा जाए पर पूरा अध्याय लिखे बगैर बंद नहीं किया जाना चाहिए। जैसे की पूर्व में अग्निशमन का मामला जमकर जोर पकड़ाया गया निजी संस्थानों तक तो यह खुब चला लेकिन जैसे ही मामला सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी के द्वार तक पहुंचा तो उसे ढक्कन लगाने में देर नहीं की गई। शहर धर्मनगरी जरूर है लेकिन यहां अब सब समझदार है और कार्रवाई के शुरू होने से लेकर बंद होने तक की स्थिति को समझने में आमजन को देर नहीं लगती है। अब सब समझदार हैं।

नैनो न्यूज

- **5 करोड़** की साइबर ठगी मामले में उज्जैन के दंपति पर सिंगरौली कोर्ट में परिवाद पेश, मैक रिकॉन फर्म के खाते से धोखाधड़ी, देशभर में 45 से अधिक मुकदमे लंबित
- **4 घंटे चले** अनुष्ठान में विश्व शांति और समृद्धि के लिए डाली आहुतियां, दीपावली की पूर्व बेला पर खाराकुआं जैन मंदिर में श्री घंटाकर्ण महावीर का 11 कुंडीय हवन अनुष्ठान, सैकड़ो समाजजन हुए शामिल
- **साल भर** कचरा उठाने वाले सफाई मित्रों और जरूरतमंदों के साथ मनाई सार्थक दीपावली, 11 साल से जारी परंपरा के तहत मिठाई व पटाखे बांटकर असहाय परिवारों के आंगन किए रोशन
- **प्रदेश में** पहली बार अधिवक्ताओं के लिए बेंच प्रेस व बॉडी शो, नीति बनीं स्ट्रॉन्ग वुमन और आदित्य स्ट्रॉन्गमैन, प्रथम अधिवक्ता ट्रॉफी में जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग के प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह, अतिथियों ने बढ़ाया हौसला
- **डोंबिवली** नागरी बैंक में दीपावली उत्सव के साथ ग्राहकों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक, लक्ष्मी-गणेश पूजन के बाद अतिथियों का स्वागत कर दी विभिन्न जमा व ऋण योजनाओं की जानकारी
- **ज्ञान** की वास्तविक पहचान शब्दों में नहीं, जीवन के आचरण में, अलौकिक चातुर्मास : उत्तराध्ययन सूत्र के 11वें से 24वें अध्ययन का विवेचन
- **धनतेरस पर** जिला कोषालय उज्जैन में परंपरागत रूप से हुआ खजाने का पूजन,
- **आज मनेगा** दीपोत्सव, सोमवार को रहेगी सोमवती अमावस्या, मंगलवार को गोवर्धन पूजा और बुधवार को मनेगी भाईदूज
- **दीपावली** से पहले सड़कों से हटे धूल व सीवरेज मलबा, वायु प्रदूषण मापने के लिए लगें यंत्र, पटाखों के कंपन से उड़ेगी धूल, शहर में छाएगा अंधकार व बढ़ेगा प्रदूषण

भैरवगढ़ सहित खाचरौद एवं अन्य जेलों में दीवार फांदने के मामले पूर्व में हुए, जिसे देखकर

विशेष एहतियात के तहत सेंट्रल जेल भैरवगढ़ की ऊंची दीवारों की फेंसिंग में छोड़ा करंट

2016 की दीपावली को भोपाल में हुए मामले पर बरती जा रही है विशेष सतर्कता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अंग्रेजों के जमाने की भैरवगढ़ सेंट्रल जेल में दीपावली पर विशेष एहतियात के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था में परिंदा भी पर मारने में असहाय रहेगा। सुरक्षा के तहत जेल की बड़ी दीवारों के ऊपर लगी आधुनिक फेंसिंग में रात के समय करंट छोड़ने का काम किया जा रहा है। पूर्व में दीवार फांदने के कुछ मामलों के बाद यहां आधुनिक फेंसिंग लगी है जिसमें करंट के तार लगे हैं।

जेल अधीक्षक मनोज साहू के अनुसार आधुनिक साधनों के साथ हाईटेक तरीके भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके तहत जेल के बाहरी क्षेत्र एवं आंतरिक क्षेत्र के सीसी टीवी कैमरा डोम कैमरा का कंट्रोल रूम से वाच किया जा रहा है। सतत रूप से दिन एवं रात्रि में गश्त जारी है। जेल कर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं।

बकौल साहू जेल में वर्तमान में संवेदनशील स्तर के करीब 20 ऐसे कैदी हैं जो खतरनाक की गिनती में हैं और इन पर



सतत निगरानी की जाती है। अन्य कैदियों एवं बंदियों से उन्हें अलग ही रखा जाता है। इसी प्रकार से लगभग 20 ऐसे कैदी हैं जिनका शेष प्राकृतिक जीवन जेल में ही बीतना है। एक कैदी फांसी की सजा का है। जेल की 75 बैरक में इन्हें रखा जा रहा है। जेल की करीब 12-14 फीट ऊंची दीवारों के ऊपर आधुनिक फेंसिंग लगी हुई है। रात्रि के समय में सुरक्षा के तहत इसमें करंट का प्रवाह छोड़ा जाता है। साहू का कहना है कि जेल के अंदर ही नहीं जेल की बाहरी चार दीवारी और कॉलोनी में भी सतत गश्त की जा रही है। इसके साथ ही जेल के 75 बैरक क्षेत्र में विशेष एहतियात बरती जाकर रात्रि गश्त में जेलर, डिप्टी जेलर स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी अल्टरनेट लगाई जा रही है। यहां तक कि रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। इन निरीक्षणों में रात्रि गश्त, चार दीवारी एवं बाहरी चार दीवारी गश्त को जांचा जा रहा है।

गश्त में इंसास एवं थ्री नाट थ्री का उपयोग

जेल अधीक्षक मनोज साहू बताते हैं कि जेल के प्रहरी एवं संतरियों को हथियार प्रदान किए गए हैं। इनमें इंसास स्तर के हथियार शामिल हैं। मुलाकातियों की जांच की जा रही है। जेल खुफिया विभाग को अलर्ट रखा जा रहा है। रात्रि के समय में भैरवगढ़ थाना पुलिस की गश्त के साथ एफआरवी भी जेल के आसपास ही सतत रूप से चक्कर लगाती है। जेल में लगभग ढाई हजार से अधिक कैदी एवं बंदी वर्तमान में हैं। जेल में अंडा सेल भी है जो संवेदनशील कैदी नियंत्रणहीन आचरण करते हैं उन्हें ऐसे अवसरों पर इन सेलों में बंद किया जाता है। जेल मेन्यूअल के तहत ही ये कार्रवाई की जाती है। दीपावली पर प्रति वर्ष एहतियाती स्तर पर इस प्रकार की कार्रवाई करना होता है।

2016 में दीपावली पर प्रदेश में हुआ था मामला

जेल मुख्यालय ने प्रदेश की सभी जेलों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश दिए हैं और कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। जेल महानिदेशक ने 7 से 9 नवंबर के बीच पड़ने वाले धनतेरस, दीपावली और भाईदूज को देखते हुए एक दिन पहले से सतर्क रहने को कहा है। निर्देश के मुताबिक रातभर कम से कम एक वरिष्ठ अधिकारी जेल परिसर में मौजूद रहेगा और सुरक्षा की निगरानी करेगा। जेल अधीक्षक और उप अधीक्षक भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे। महानिदेशक ने त्योहार खत्म होने के बाद भी सतर्कता बनाए रखने के लिए कहा है। भोपाल सेंट्रल जेल से 31 अक्टूबर 2016 को दीपावली की रात 8 सिमी आतंकी फरार हो गए थे। वे जेल की दीवार फांदकर भागे थे और भागने से पहले उन्होंने एक प्रधान आरक्षक की हत्या की थी। भोपाल के बाहरी इलाके में पुलिस ने मुठभेड़ में सभी आतंकियों को मार गिराया था। इस घटना के बाद से हर साल विशेष सतर्कता बरती जाती है।

शहर में दीपावाली पर्व की रौनक, एक से बढ़कर एक डिजाइन में लाइटिंग की सीरीज

रंग-बिरंगी लाइटों व झालरों की जमकर बिक्री





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में दीपावाली की रौनक देखने को मिल रही है फ्रीगंज, शहीद पार्क, गोपाल मंदिर, छत्री चौक, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा, सिंधी कॉलोनी चौराहा, सांवेर रोड, नानाखेड़ा के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है, जो अपने घरों को सजाने के लिए नई-नई लाइटें खरीद रहे हैं। इस साल एक खास बात यह है कि भारतीय कंपनियों की लाइटें चीनी उत्पादों की जगह ले रही हैं।

ये देसी लाइटें क्वालिटी, टिकाऊपन और दाम के मामले में बेहतर साबित हो रही हैं। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानदारों ने विभिन्न किस्मों की लाइटें बिक्री के लिए रखी है। इन लाइटिंग की जमकर बिक्री हो रही है। इसके अलावा गिफ्ट आइटमों की भरमार है। लोग दिपावली पर रिश्तेदारों और दोस्तों को देने के लिए गिफ्ट भी खरीद कर रहे हैं। मिठाइयों की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। लोग मिठाई और अन्य मीठे पदार्थ खरीद रहे हैं। बाजारों में कई तरह की नई भारतीय लाइटें आई हैं। इनमें रिमोट कंट्रोल वाली छएऊस्ट्रिप लाइटें और कैप लाइटें शामिल हैं। सभी लाइटिंग 50 रुपए से लेकर 850 रुपए तक उपलब्ध है।

दीपावली को लेकर कई सीरीज मार्केट में

यार्ड रोप राइट एसएमडी, फैन लैंप, पिंचू, शुगर कैन लाइट, टेंपल लाइट मल्टी, डोर लक्ष्मी गणेश लटकन, डबल लक्ष्मी गणेश लटकन, मल्टी एसएमडी, लाइट शिवलिंग, लाइटिंग गणेश लक्ष्मी मूर्ति,स्टॉर लैंप,रोप लाइट सिरीज, मटका सिरीज, पत्ती झालर, पानी वाले दिये, मोम लाइट, दिये वाली सिरीज, झरना वाली सिरीज, स्टार वाली सिरीज, डीसको बल्ब, आकाश दीप सहित रंग-बिरंगे एलइडी लाइट की भी मांग अधिक है। नई सड़क स्थित माधव एंटरप्राइजेज के संचालक अंकित शर्मा ने बताया की उनके यहां भी कई वैरायटीयों में सीरीज 50 रुपए से लेकर 850 रुपए तक उपलब्ध हैं। कुछ सीरीज गारंटी वाली है जिसकी 6 महीने की गारंटी है। पुष्पक इलेक्ट्रिक के संचालक आवेश बांदील ने कहा कि ऑन लाइन मार्केटिंग के कारण बाजार पर असर हुआ है।

भवनों व दुकानों की सजावट की गई

इधर, दीपावली को लेकर शहर से बड़े-बड़े भवन पर रंग बिरंगी सीरीज लगाकर सजावट कर दी गयी है। दोपहिया-चारपहिया वाहन, टीवी सहित अन्य सामानों के शो रूम में आकर्षक लाइटिंग की गयी है. लाइटिंग से शहर जगमग कर रहा है. लोगों ने घर-दुकान में लाइट से साज-सजावट कर दी है। दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

बोर्ड पर सही नाम नहीं

सूचनात्मक साइन बोर्ड की गलत जानकारी भ्रम उत्पन्न कर रही



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्य सड़कों और हाईवे पर सडक के ऊपर सही जानकारी व दिशा बताने के बोर्ड लगे होते हैं जिससे बाहर से आए यात्रियों और सैलानियों को अपनी मंजिल ढूंढने में सुगमता रहे किन्तु ये ही साइन बोर्ड जब गलत जानकारी चस्पा किए हों तो बेचारा यात्री परेशान हो जाता है।

नवनिर्माण के चलते रास्तों का भ्रम, ऊपर से गलत नाम- सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के चलते शहर मे व्यापक पैमाने पर मार्ग चौड़ीकरण, सेतु निर्माण व नवीन सडकों का निर्माण हो रहा है जिससे कई मार्ग डायवर्ट हैं ऐसी स्थिति का सामना प्रायः सभी को करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क पर लोक निर्माण विभाग ने सूचनात्मक बड़े-बड़े बोर्ड कुछ जगह लगाए हैं किन्तु इनमें गलत नाम होने से मंजिल तक पहुंचने मे लोगों को दिक्कत हो रही है।

अर्पिता कालोनी की जगह अर्जिता नगर

ताजा मामला इंदौर रोड स्थित अर्पिता कालोनी का देखने को मिल रहा है जहां रोड के मध्य लगे विशाल साइन बोर्ड पर कहीं भी कॉलोनी का वास्तविक नाम अर्पिता नहीं लिखा है और उसकी जगह त्रुटिवश अर्जिता नगर लिखा है जो भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। ऐसे में बाहर से आए यात्री जब इंदौर रोड से अर्पिता कॉलोनी में नवासरत अपने संबंधियों के घर जाने के लिए रास्ता ढूंढते हैं तो बोर्ड पर गलत नाम के कारण भ्रमित होकर भटकते रहते हैं। गौरतलब है कि कॉलोनी के समीप ही मुख्य सड़क पर ब्रिज का निर्माण होने से एक मर्तबा आगे निकल जानेपर पुनः गोल घुमकर कॉलोनी तक आना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी भी हो रही है।

शांति की जगह शांटी

एक और गलती इसी इंदौर रोड पर लगे बोर्ड पर डीमार्ट के समीप देखने को मिल रही है। यहां शांति पैलेस होटल जानेवाले मार्ग के सूचना बोर्ड पर शांति की जगह शांटी लिखा हुआ है।

नाम सही किए जाएं

निर्माण एजेंसी और स्थानीय प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर इस गलती को सही करना चाहिए। साइन बोर्ड मे अर्पिता एनक्लेव नाम लिखना चाहिए ताकि लोग परेशान न हों। इसी तरह शांटी की जगह शांति करना जरूरी है।

उज्जैन के फूलों से महकेंगे यूपी-गुजरात-पंजाब में पूजा घर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर घर-आंगन सजाने से लेकर मंदिरों में पूजा और बाजारों की सजावट तक फूलों की मांग बढ़ गई है। इसका असर उज्जैन की फूल मंडी में भी दिखाई देने लगा है। यहां फूलों की आवक और भाव दोनों में तेजी आई है। खास बात यह है कि उज्जैन मंडी के फूल शहर और आसपास के जिलों तक ही नहीं, बल्कि गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश के बाजारों तक भी पहुंच रहे हैं। इन दिनों मंडी में रोजाना करीब 40 से 50 पिकअप गाड़ियां फूल लेकर पहुंच रही हैं।

महाकाल मंदिर में रूप चौदस से बदला नियम

फाल्गुन पूर्णिमा तक बाबा महाकाल को गर्म जल से कराया स्नान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में रूप चौदस पर तड़के होने वाली भस्म आरती से भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा शुरू हुई। ऋतु परिवर्तन के साथ होने वाले इस बदलाव के तहत भगवान को प्रतिदिन भस्म आरती में गर्म जल से स्नान कराया गया। यह परंपरा रूप चतुर्दशी से शुरू होकर फाल्गुन पूर्णिमा यानी होली तक चलेगी।

मंदिर में प्रतिवर्ष भगवान महाकाल की दिनचर्या में दो बार बदलाव होता है। मंदिर के पुजारी महेश पुजारी ने बताया कि ठंड का मौसम शुरू होने पर कार्तिक माह और गर्मी का मौसम शुरू होने पर फाल्गुन मास में बाबा महाकाल की आरतियों के समय में बदलाव होता है। इसी के साथ भगवान को स्नान कराने की प्रक्रिया भी बदल जाती है। रूप चौदस से भगवान को गर्म जल से स्नान कराने की शुरूआत होती है। रूप चतुर्दशी पर भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान को गर्म जल से स्नान कराकर सुगंधित उबटन लगाया।

दीपावली की रात सफाई में जुटेगा नगर निगम का अमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली की रात शहर में आतिशबाजी और रोशनी के बीच नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सफाई के मोर्चे पर तैनात रहेगा। दीपावली के अगले दिन 9 नवंबर की सुबह जब शहरवासी घरों से बाहर निकलेंगे, तब उन्हें सड़कों और गलियों में पटाखों का कचरा नजर न आए, इसके लिए नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान की तैयारी की है।

शनिवार को ग्रांड होटल में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अमले की स्टैंडअप मीटिंग लेकर अभियान की रूपरेखा तय की। उन्होंने निर्देश दिए कि दीपावली की रात से ही सफाई मित्र, कचरा कलेक्शन वाहन और अन्य संसाधन मैदान में उतर जाएं। प्रत्येक वार्ड, गली और मोहल्ले में विशेष सफाई कराई जाए, ताकि सुबह तक शहर पूरी तरह साफ-सुथरा नजर आए। आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाए। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी तय कर समय पर ड्यूटी संभालें। स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर सफाई कार्य की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि यह नगर निगम के लिए विशेष प्रयास है और इसे सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सफल बनाएं।

सफाई मित्रों की सुरक्षा का भी ध्यान

अभियान के दौरान सफाई मित्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को सभी जरूरी सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। नगर निगम ने शहरवासियों से भी अभियान में सहयोग करने की अपील की है।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

पीएम मोदी ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर रील शेयर करके दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया है कि हर साल की तरह इस साल भी वे दिवाली सेना के जवानों के बीच मनाएंगे। 2025 में पीएम मोदी ने गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। इससे पहले शनिवार सुबह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने भगवान की आरती की, राधाकृष्णन ने उन्हें तिलक लगाया और उपहार दिए।

वायुसेना का गजराज 13 हजार फीट की ऊंचाई पर उतरा

भारतीय वायुसेना ने शनिवार को अपने भारी मालवाहक विमानां आईएल-76 एमडी की लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर लैंडिंग करवाई। यह लैंडिंग 13,629 फीट की ऊंचाई पर हुई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है। आईएएफ के मुताबिक, इस विमान की दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस पर लैंडिंग हुई। न्योमा को मुध-न्योमा भी कहते हैं। यह पूर्वी लद्दाख में है और चीन बॉर्डर से सिर्फ 23 किमी दूर है। नवंबर 2025 में न्योमा को अपग्रेड करके नया एयरबेस बनाया गया था। तब तत्कालीन एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उ-130ख से उतरकर इसका उद्घाटन किया था। आईएएफ के मुताबिक यह दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर-कैपेबल एयरफील्ड है। मतलब साफ है - अब भारत, चीन बॉर्डर के बिल्कुल पास भारी हथियार, गाड़ियां और बड़ी संख्या में सैनिक बहुत तेजी से पहुंचा सकता है।

यूपी-फतेहपुर में पटाखा बनाते समय विस्फोट, एक की मौत

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर में शनिवार को घर में पटाखा बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि महिला के शरीर के दो टुकड़े हो गए। आधा हिस्सा छत पर गिरा, जबकि शरीर के बाकी टुकड़े करीब 100 मीटर दूर तक जा गिरे। घटना फतेहपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर हथगांव थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक महिला घर में पटाखा बना रही थी। इसी दौरान फ्रिज में तेज धमाका हुआ। इसकी चपेट में आकर पटाखों में भी विस्फोट हो गया। वार्ड नंबर 2 में रफी अहमद अपनी 55 साल की पत्नी नसरीन के साथ रहते हैं। शनिवार शाम करीब 4 बजे नसरीन घर में पटाखे बना रही थीं। तभी घर में रखे फ्रिज में तेज धमाका हुआ। इससे पटाखों में भी आग लग गई और जोरदार विस्फोट हो गया।

1692 करोड़ का सिक्सलेन समय से पहले बनकर तैयार, नवंबर में जनता को समर्पित करने की तैयारी है

समय से दो महीने पहले बनकर तैयार हुआ उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन

उज्जैन और इंदौर को आपस में जोड़ने वाली 46.475 किलोमीटर लंबी सड़क, अब सिर्फ 40 मिनट में पहुंच पाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन और इंदौर को आपस में जोड़ने वाली 46.475 किलोमीटर लंबी अति-महत्वाकांक्षी सिक्सलेन सड़क परियोजना अपने निर्धारित समय (14 जनवरी 2027) से पूरे दो महीने पहले ही बनकर तैयार हो गई है। लगभग 1692 करोड़ रुपये से बने इस अत्याधुनिक हाइवे का 100 फीसद काम पूरा हो चुका है, और इसी नवंबर माह में इसके लोकार्पण के साथ इसे जनता को समर्पित करने की तैयारी है।

इस शानदार सौगात के मिलने से अब उज्जैन और इंदौर का सफर केवल 40 से 45 मिनट का रह गया है। सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और आम नागरिकों का आवागमन अब पूरी तरह सुगम, सुरक्षित और आनंददायक होगा।



आस्था और विकास का संगम

इंदौर के अरविंदो मेडिकल कालेज से उज्जैन के हरिफाटक चौराहे तक के इस मार्ग के सिक्सलेन बनने से धार्मिक पर्यटन को एक नया पंख मिला है। देश के कोने-कोने से हवाई मार्ग या रेल मार्ग से इंदौर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए उज्जैन तक की यह राह अब बेहद आसान और आरामदायक हो गई है।

आधुनिक तकनीक और सुरक्षा के अनूठे इंतजाम

सिग्नल-फ्री और एक्सीडेंट-फ्री सफर : परियोजना के तहत 3 फ्लाईओवर और 6 अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह सिग्नल-फ्री और सुरक्षित बन गया है। डेडिकेटेड लेन और सर्विस रोड : दोपहिया, चार पहिया और भारी कमर्शियल वाहनों के लिए अलग-अलग लेन और स्थानीय ट्रैफिक के लिए 8 जंक्शन व सर्विस रोड विकसित की गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की गुंजाइश लगभग खत्म हो गई है। आपातकालीन सेवाओं को गति : सिंहस्थ के दौरान शाही स्नान जैसे भारी भीड़ वाले दिनों में भी एम्बुलेंस, पुलिस और प्रशासनिक वाहनों के लिए निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन के लिए नया 'ग्रोथ इंजन'

यह सिक्सलेन केवल एक सड़क नहीं, बल्कि इस पूरे क्षेत्र के सुनहरे भविष्य की नींव है। इसके बनने से उज्जैन-इंदौर कारिडोर पर टाउनशिप, लाजिस्टिक्स पार्क, रियल एस्टेट और व्यावसायिक गतिविधियों में अभूतपूर्व तेजी आई है। यह क्षेत्र अब तेजी से एक उभरते हुए मेट्रोपॉलिटन रीजन के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है।

इनका कहना है- उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन प्रोजेक्ट सिंहस्थ का पहला बड़ा प्रोजेक्ट है, जो मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समय से पहले पूरा हुआ है। यह मार्ग महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं का सफर आसान करने के साथ-साथ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा।

- रौशन कुमार सिंह, कलेक्टर।

डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में भारतीयों के साथ दिवाली मनाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने भारतीय मूल के अधिकारियों और कारोबारियों के साथ ओवल ऑफिस में दीया जलाया। उन्हें हनुमान चालीसा की एक प्रति भी भेंट की गई। इस मौके पर उनके प्रशासन में शामिल भारतीय मूल के अधिकारी, कारोबारी और बड़ी कंपनियों के उएड मौजूद रहे। समारोह में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा, मशहूर शेफ विकास खन्ना भी शामिल हुए। भारतीय कारोबारियों ने ट्रम्प को 'जुग-जुग जिओ' का आशीर्वाद दिया और भारत-अमेरिका की दोस्ती मजबूत होने की कामना की।



विशाल गोंडल ने एक्स पर लिखा, ओवल ऑफिस में रोशनी और आपसी जुड़ाव का एक खास पल है। ट्रम्प के साथ दिवाली मनाना सम्मान की बात है। गोंडल के मुताबिक, ट्रम्प को दी गई हनुमान चालीसा की यह प्रति भगवान हनुमान को समर्पित तुलसीदास का भजन है, जिसे लाखों लोग साहस, भक्ति और शक्ति के लिए पढ़ते हैं।

लॉरेंस गैंग से जुड़ा गैंगस्टर हैरी बॉक्सर अमेरिका में पकड़ाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। अमेरिकी एजेंसी क्एए ने उसे कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया है। हैरी अमेरिका में रहकर गैंग की गतिविधियां चला रहा था। उस पर हत्या और रंगदारी समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हैरी ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा हैरी पर सलमान खान और कपिल शर्मा समेत अन्य बॉलीवुड हस्तियों को धमकी देने का भी आरोप है।





न्यूज कालम



जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक राजकुमार मेव

मंडलेश्वर। खरगोन कलेक्टर कार्यालय में रविवार को मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव शामिल हुए।बैठक में जिले सहित विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर, कलेक्टर गुरु प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 10 नवंबर को होगा अन्नकूट महोत्सव

मनावर। दीपावली पर्व के बाद नगर में धार्मिक आयोजनों की परंपरा के तहत अन्नकूट महोत्सव का सिलसिला शुरू हो जाता है। दीपावली के दूसरे दिन से प्रारंभ होकर बैकुंठ चतुर्दशी तक मनावर नगर के विभिन्न मंदिरों में अलग-अलग तिथियों पर अन्नकूट महोत्सव आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान भगवान को अन्नकूट सब्जी, पुड़ी, नुगती, मक्खन बड़े तथा विविध प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाती है। इसी कड़ी में श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, कृषि विकास विभाग परिसर, सेमल्दा रोड मनावर में मंगलवार 10 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन प्रातः 11.45 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में भव्य तैयारियां की जा रही हैं।अन्नकूट महोत्सव भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों और व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाता है। इसके बाद श्रद्धालु सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण करते हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता, सामूहिक सहभागिता और आपसी सद्भाव का भी संदेश देता है। मनावर में दीपावली के बाद से बैकुंठ चतुर्दशी तक मंदिरों में होने वाले अन्नकूट महोत्सव नगर की धार्मिक परंपरा और आध्यात्मिक वातावरण को विशेष पहचान देते हैं। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अन्नकूट महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कुष्ठ बस्ती में खुशियों के दीप जलाए, लायंस क्लब स्नेह ने बांटी दीपावली की सौगात



सनावद। दीपावली की खुशियां तभी सार्थक होती हैं, जब समाज का हर वर्ग इस पर्व में सहभागी बने। इसी भावना के साथ लायंस क्लब सनावद स्नेह ने बड़वाह स्थित कुष्ठ बस्ती में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली की खुशियां बांटीं। क्लब की ओर से बच्चों और परिवारों को पटाखे, मिठाई, दीपक, तेल, बाती और वस्त्र सहित दीपावली की सामग्री वितरित की गई। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनी, वहीं परिवारों ने इस पहल के लिए क्लब सदस्यों का आभार जताया। क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन ने कहा कि दीपावली का उजाला केवल कुछ घरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के आंगन में भी खुशियों के दीप जलने चाहिए। बुजुर्गों ने क्लब सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन, सुजल जैन, संजय दांगोडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य ने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा की

मनावर। दीपावली के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत बागलिया में जिला पंचायत सदस्य गणेश जर्मन ने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों को नए कपड़े एवं मिठाई वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। गणेश जर्मन ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समा की अमूल्य धरोहर हैं। उनका अनुभव, स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके चेहरों परउन्होंने कहा कि त्योहारों की सार्थकता तभी है, जब समाज के जरूरतमंद और बुजुर्ग लोग भी खुशियों में शामिल हों। इस अवसर पर उन्होंने सभी से जरूरतमंदों की मदद करने और उनके जीवन में खुशियों का दीप जलाने का आह्वान किया।गणेश जर्मन जिला पंचायत सदस्य, मनावर ने सेवा, सम्मान और समर्पण को अपना संकल्प बताते हुए बुजुगों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मैंटेनेंस के कारण बड़वानी शहर में विद्युत प्रदाय बंद रहा

बड़वानी । मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के कनिष्ठ यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 7 नवंबर शनिवार को प्रातः 8 से 10 बजे तक 11 केव्ही गुरूद्वारा. फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया गया। जिस कारण से बड़वानी शहर के बस स्टेण्ड, रूखमणि नगर, अमित नगर, ब्रज विहार कालोनी, श्रीराम नगर, नर्मदा कान्वेंट स्कूल, नवलपुरा रोड़, हनुमान मंदिर, आनंद कारज भवन, सांची दूध डेयरी, श्रीराम नगर, मनोरमा हास्पिटल व आसपास के क्षेत्र में विद्युत बंद रहेगी । निर्धारित समय सीमा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 12 को

बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में आयोजित की गई।

स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख (रजिस्ट्री) वितरण कार्यक्रम

बड़वानी। पानसेमल विधायक श्री श्याम बरडे ने शुक्रवार को ग्राम पुरुषखेड़ा, जनपद पंचायत निवाली में स्वामित्व योजना अंतर्गत 36 हितग्राहियों को उनके आवासीय भूमि के अधिकार अभिलेख (रजिस्ट्री) वितरित किए।इस योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी स्वामित्व प्राप्त हो रहा है। इससे संपत्ति संबंधी अधिकारों की सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण एवं ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला अपनी संपत्ति का कानूनी अधिकार, विधायक छाया मोरे ने वितरित की रजिस्ट्रियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा/पंधाना



धनतेरस का पर्व पंधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डापक्या और ग्राम पंचायत मांडवा के हितग्राहियों के लिए विशेष खुशियां लेकर आया। शुक्रवार को धनत्रयोदशी के पावन अवसर पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को उनके मकान और भूखंड की स्वामित्व रजिस्ट्रियां वितरित की गईं। वर्षों से अपने मकानों में निवास कर रहे ग्रामीणों को अब संपत्ति का वैधानिक मालिकाना अधिकार मिलने से उनके चेहरों पर खुशी नजर आई।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पंधाना विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता छाया मोरे ने हितग्राहियों को स्वामित्व रजिस्ट्रियों का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट श्याम गंगराडे, मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, एसडीएम पंधाना दिनेश सावले सहित तहसीलदार, पटवारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक छाया मोरे ने स्वामित्व योजना को ग्रामीण परिवारों के आर्थिक और सामाजिक सशक्ति करण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलने से ग्रामीणों को न केवल अपने मकान और भूखंड पर मालिकाना हक मिलेगा, बल्कि भविष्य में आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री मिलने से ग्रामीणों के लिए अपनी संपत्ति का उपयोग आर्थिक जरूरतों के लिए करना आसान होगा। अब वे अपने मकान या भूखंड के वैधानिक दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार बैंक से ऋण प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। इससे मकान निर्माण, मरम्मत और स्वरोजगार जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

हितग्राहियों ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि अब तक वे अपने मकानों में वर्षों से रह रहे थे, लेकिन उनके पास मालिकाना हक का पुख्ता दस्तावेज नहीं था। स्वामित्व रजिस्ट्री मिलने से उन्हें अपनी संपत्ति पर कानूनी अधिकार मिला है। इससे भविष्य में बैंक से ऋण लेने और संपत्ति से जुड़े अन्य कार्यों में भी सुविधा होगी।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना ग्रामीणों को संपत्ति का मालिकाना हक देने के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का आधार भी तैयार कर रही है। धनतेरस के अवसर पर रजिस्ट्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के लिए यह सौगात लंबे समय तक यादगार रहेगी।



असम के मुख्यमंत्री और एनएफआर महाप्रबंधक के बीच अहम बैठक

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के महाप्रबंधक श्री विवेक खरे ने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने असम में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं की प्रगति में गहरी रुचि दिखाई। बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर चर्चा की गई कि किस प्रकार मजबूत रेल अवसंरचना और बेहतर कनेक्टिविटी से असम तथा समग्र पूर्वोत्तर क्षेत्र में यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है, व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकता है। ज्ञात हो कि श्री विवेक खरे इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) के 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उनके पास रेलवे संचालन, रोलिंग स्टॉक के रखरखाव और कारखानों के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का तकनीकी एवं प्रबंधकीय अनुभव है। 1 नवंबर को एनएफआर के महाप्रबंधक का कार्यभार संभालने के बाद से ही वे असम में रेलवे की कार्यप्रणालियों का सघन निरीक्षण कर रहे हैं। एनएफआर राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, ताकि असम में रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ कर यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान की जा सकें।

गोलू मामा पाटीदार बने नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष, सचिव राहुल कुमरावत व कोषाध्यक्ष संयम जैन बने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



नगर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। चुनाव में नगर के व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 308 व्यापारी मतदाताओं में से 297 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष पद पर गोलू मामा पाटीदार ने जीत हासिल की। वहीं सचिव पद पर राहुल कुमरावत और कोषाध्यक्ष पद पर संयम जैन विजयी रहे।अध्यक्ष पद पर जीत मिलने के बाद गोलू मामा पाटीदार को व्यापारियों और समर्थकों ने बधाई दी।

इस अवसर पर उन्होंने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास और उम्मीद के साथ व्यापारियों ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। व्यापारी संघ को मजबूत बनाने, सभी व्यापारियों को साथ लेकर चलने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर काम करेंगे। नगर के व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए संघ के माध्यम से उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि व्यापारी संघ किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि नगर के सभी व्यापारियों का संगठन है। सभी के सहयोग और सुझाव से संघ को आगे बढ़ाया जाएगा। नगर के व्यापारियों के बीच आपसी एकता और भाईचारा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।चुनाव में जीत के बाद पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी नितिन पाटीदार, विक्की पाटीदार, चेतन राठौड़, पुष्पराज सिंह, सचिन पाटीदार,ब्रह्मदत्त चौहान, वीरेंद्र पाटीदार,सुमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, समीर जैन, प्रिंस पाटीदार ,गौतम पाटीदार, दीपक तोमर सहित अनेक शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सनावद में 9 नवंबर को मनेगा भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2553वां मोक्ष कल्याणक पर्व सोमवार, 9 नवंबर को सनावद में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजन और निर्वाण लाडू अर्पण के धार्मिक आयोजन होंगे। जैन समाज के सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि कार्तिक अमावस्या का जैन धर्म में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान महावीर स्वामी ने निर्वाण प्राप्त किया था। मान्यता है कि उनके निर्वाण के बाद उसी शाम गौतम गणधर को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी स्मृति में जैन समाज प्रतिवर्ष दीपावली पर मोक्ष कल्याणक पर्व मनाता है। कार्यक्रम के तहत सुबह 5.30 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं सामूहिक पूजन होगा। सुबह 7 बजे पार्श्वनाथ जिनालय (बड़ा मंदिर जी), 7.15 बजे सुपार्श्वनाथ मंदिर तथा 7.30 बजे आदिनाथ जिनालय (छोटे मंदिर जी) में निर्वाण लाडू अर्पित किए जाएंगे। इसके अलावा श्रीमंदर जिनालय और महावीर जिनालय में भी निर्वाण लाडू चढ़ाए जाएंगे। नगर के समीप पोदनपुरम में सुबह 8 बजे तथा णमोकार धाम तीर्थ पर सुबह 8.30 बजे निर्वाण लाडू अर्पण का कार्यक्रम होगा। सन्मति जैन 'काका' ने सकल जैन समाज से सभी आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया।

पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय हेतु निर्देश जारी

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग के सदस्य सचिव श्री एए मिश्रा ने समस्त जिला दण्डाधिकारी एवं समस्त पुलिस अधीक्षक को परिपत्र भेजकर सर्वोच्च न्यायालय एवं हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश के अंतर्गत दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में मानक संचालक प्रक्रिया निर्धारित की है। जारी प्रक्रिया में उल्लेखित किया गया है कि:- दीपावली पर्व के समय रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का उपयोग सिर्फ उन शहरों में किया जा सकता है, माह नवंबर 2021 के दौरान यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में होने वाले सभी शहरों में फटाखें पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू रहेगा।



आयुर्वेद संस्थान द्वारा मनाई धन्वन्तरि जयंती

मंदसौर। गौशाला भवन स्थित आयुर्वेदिक संस्थान अरविन्द स्टोर्स पर शुक्रवार शाम धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया।पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं दशपुर जागृति संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद चार वेदों के बाद पांचवां वेद है जो सीधे जीवन पद्धति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि उचित आहार-विहार और औषधि के अनुपान भेद से मानव शरीर को पूरी तरह निरोगी एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के. शर्मा, विहिप के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडलोई, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. योगेंद्र सिंह परिहार और डॉ. कमलेश धनोतिया ने भी अपने विचार रखे। समारोह का संचालन वैद्य ललित बटवाल ने किया तथा अतिथियों का स्वागत विवेक बटवाल, अभिषेक बटवाल और ऋषभ बटवाल ने भगवान धन्वन्तरी की सामूहिक आरती और पूजन के साथ किया।

धनतेरस पर बांध पर किसानों के साथ अर्चना चिटनिस ने जलाए दीप, दिया पानी और जीवित मिट्टी सहेजने का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



धनतेरस के अवसर पर बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने एक अनूठी पहल करते हुए जिले की सबसे बड़ी भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध पर किसानों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर पर्व मनाया। उन्होंने किसानों को मिठाई बांटकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पानी और जीवित मिट्टी के संरक्षण का संदेश देते हुए "पानी करेंगे खर्च कम, पर कमाएंगे भरपूर" का नारा भी गूंजा।

चिटनिस ने कहा कि धनतेरस पर हम धन, वैभव और लक्ष्मी की पूजा करते हैं, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि हमारी समस्त समृद्धि के मूल में पानी और जीवित मिट्टी है। पानी नहीं होगा तो खेती कैसे होगी, फसल कैसे लहलहाएगी और धन का सृजन कैसे होगा? जिस तरह हम अपने धन और वैभव को संभालकर रखते हैं, उसी तरह पानी और मिट्टी को भी सहेजना आवश्यक है। हमारा असली धन पानी और जीवित मिट्टी है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर केला, गन्ना, कपास, हल्दी और विभिन्न मसालों की खेती के लिए जाना जाता है। इन फसलों के साथ जिले के उद्योग, व्यापार और जनजीवन भी पानी पर निर्भर हैं। इसलिए जल संरक्षण केवल किसानों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिले में वर्षा के आंकड़े बताते हुए चिटनिस ने कहा कि गत वर्ष जिले में औसतन 891.2 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जबकि इस वर्ष औसत वर्षा 780.1 मिलीमीटर दर्ज की गई है। यानी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 111 मिलीमीटर कम बारिश हुई है। वर्षा में आई इस कमी ने हमारे सामने चिंता का विषय उत्पन्न किया है। हमें अभी से उपलब्ध जलराशि का विवेकपूर्ण उपयोग करने और आने वाली बारिश की हर बूंद को सहेजने की तैयारी करनी होगी।

उन्होंने किसानों से अपील की कि कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्राथमिकता दें और खेती में फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही फसल पर लगातार निर्भर रहने के बजाय फसल चक्र में बदलाव लाना समय की आवश्यकता है। विशेष रूप से केले की खेती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार एक ही खेत में केला लगाने से विषाणु और रोगों के प्रकोप की आशंका बढ़ सकती है।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने किया थाना राजपुर का निरीक्षण, पुलिस व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



7 नवम्बर को प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा थाना राजपुर, जिला बड़वानी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना परिसर एवं थाने में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी एवं उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली, कर्तव्यों एवं क्षेत्र की कानून-व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, बेहतर पुलिसिंग बनाए रखने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

थाना निरीक्षण के पश्चात प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा राजपुर कस्बे के बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया गया। दीपावली पर्व के दृष्टिगत पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा पटाखों के विक्रय एवं रख-रखाव के दौरान आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया गया।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस बल को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में निरंतर गश्त करने तथा प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि पर्व के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे।

इस दौरान एसडीओपी राजपुर अनुभाग श्री बद्रीलाल अटोदे, थाना प्रभारी राजपुर निरीक्षक श्री माधवसिंह ठाकुर एवं समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।*

श्री महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली को होगी विशेष महाआरती एवं रात्रि में होगा कोशांबा पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा

लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में धन की देवी माता लक्ष्मी का दीपावली को लक्ष्मीजी का विशेष श्रृंगार एवं अभिषेक के साथ दिन भर धार्मिक आयोजन के साथ ही रात्रि में कोसांबा पूजन होगा ।

कभी नष्ट न होने वाली लक्ष्मी देवी मेरे घर पधारे, उनके आगमन से धन, अश्व और संतान प्राप्त हो। (श्रीसूक्त) अर्थात हे महा लक्ष्मी पदम आपका आसन है, आप परब्रह्मस्वरूप है, परमश्रेष्ठ जगतमाता है, हे महालक्ष्मी आपको मेरा नमस्कार है। हे महालक्ष्मी आप श्वेत वस्त्र नाना प्रकार के आभूषण एवं अलंकार धारण करने वाली है। आपको जो एक समय भजता है, उसके सब पापों का नाश हो जाता है। जो दो समय आपको स्मरण करता है, वह धनधान्य तथा समृद्धि पाता है। जो तीन समय आपका स्मरण करता है, उसके समस्त शत्रुओं का विनाश होता है। हे महालक्ष्मी, जो व्यक्ति आपके स्त्रोत का पाठ करता है, उसे हर तरह की सिद्धि की प्राप्ति होती है।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, राकेश झंवर एवं मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने बताया कि 8 नवम्बर रविवार दीपावली महापर्व मुख्य दिवस प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 10 बजे विशेष पूजन कुमकुम अर्चन, 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 7 बजे विशेष कुबेर पूजन, रात्रि 8 बजे महालक्ष्मी की महाआरती तथा रात्रि 12.36 बजे महानिशा काल सिंह लग्न में दक्षिण भारतीय पद्धति द्वारा पं. बसंत महोदय द्वारा यंत्रराज श्री यंत्र आव्हान कोशांबा पूजन, द्राक्षार्चन एवं तर्पण मार्जन विशेष पूजन होगा। दीपावली के दिन विशेष पूजा के रूप पांच पंडितों द्वारा दिनभर लक्ष्मी सूक्त एवं सायंकाल में श्री सुक्त का पाठ के साथ ही महालक्ष्मी को गन्ना, सिंघाडा, कमलगट्टा, मखाना, किसमिस, हलवा, खीर , सार की धनी बताशा आदि का विशेष भोग लगाया जाएगा।

कौसंबा पूजन का महत्व - पं. बसंत महोदय ने बताया कि इस पूजन की महत्ता यह होती है कि महानिशा काल में माता लक्ष्मी को साढे नौ मीटर की कोसा की साडी से विशेष श्रृंगार किये जाने पर ही कोसांबा पूजन किया जाता है और यह साडी वर्ष में सिर्फ दीपावली के दिन रात्रि में ही माता लक्ष्मी को पहनाई जाती है। पूजन के दर्शन मात्र से मानव का कल्याण होता है और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। यह पूजन रात्रि ३ बजे तक होता है इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाता है।

न्यूज -कॉलम

बर्तन की दुकान में बिना लायसेंस पटाखों का कारोबार



उज्जैन। दीपावाली पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर मुस्तैद पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सूचना मिलने खाराकुआ थाना पुलिस ने पटवा बाखल बर्तन की दुकान पर दबिश मारी। जहां से बिना लायसेंस हेमन्त पिता रतनलाल द्वारा पटाखों का कारोबार किया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा करीब 25 हजार रूपये के पटाखे जप्त कर आदेश का उल्लंघन करने धारा 288 बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9 का प्रकरण दर्ज किया। महिदपुररोड थाना पुलिस ने ग्राम झूठावद में किराये से दुकान लेकर 2 युवकों द्वारा बिना लायसेंस पटाखे बेचे जा रहे थे। पुलिस ने दबिश देकर 20 हजार से अधिक के पटाखे बरामद करने के साथ पंकज पिता राधेश्याम 22 वर्ष और मनीष पिता डालूराम निवासी ग्राम झुटावद को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया। नीलगंगा थाना पुलिस ने सिंधी कालोनी चौराहा से समीर पिता डोबरिया निवासी गांधीनगर और उसके नाबालिग को अवैध तरीके से पटाखे बेचते हुये पकडा।

सात जिलों के पुलिसकर्मियों ने प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

उज्जैन। 70 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्युटी मीट प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में आयोजन किया गया। जोन स्तरीय प्रतियोगिता में वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में सात जिलों के पुलिसकर्मियों ने अपना हुनर दिखाया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिसकर्मियों की दक्षता को परखा और मूल्याकंन किया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व मुम्बई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में करेगें। मुम्बई में 15 से 20 दिसंबर तक 70 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का आयोजन होगा। शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक भारत सिंह यादव, एफएसएल अधिकारी शकुंतला गवली, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह, सूबेदार स्वाति कामले, उपनिरीक्षक विनोद सिंह राठौर,प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह,जयराम चौहान, धीरज नेवल, आरक्षक संदीप अहिरवार, योगेन्द्र सिंह और राजकुमार सेंधव द्वारा प्रतियोगिता का सुचारू रूप से संचालन किया।

28 दिन बाद राजस्थान में मिली लापता 16 वर्षीय बालिका

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र रेलवे लाइन के पास झुग्गी बस्ती में रहने वाली 16 वर्षीय बालिका 10 अक्टूबर को लापता हो गई थी। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे और रेलवे-बस स्टेंड के मार्गो का पता लगाया। 20 दिनों की तलाश के बाद बालिका के राजस्थान में होने की खबर मिलने पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा एसआई सुरेन्द्र मंडलोई, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंघाड, महिला आरक्षक की टीम को रवाना किया। बालिका राजस्थान स्थित नवागांव में उसकी बहन के घर मिली। जहां से सुरक्षित उज्जैन लाया गया। बालिका से पूछताछ करने पर सामने आया कि मां द्वारा काम नहीं करने पर फटकार लगाई थी। वह नाराज होकर अपनी बहन के घर चली गई थी। फिलहाल बालिका के बयान दर्ज कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

आंगन में पानी का पाइप फैलाने पर 2 भाईयों में लडाई

उज्जैन। माकडोन के सामानेरा में रहने वाले सियाराम पिता बापू बागरी 33 साल और उसके छोटे भाई राजेश बागरी 30 साल के बीच शनिवार दोपहर घर के आंगन में पानी का पाइप फैलाने पर झगडा हो गया। दोनों भाई एक-दूसरे की जान के दुश्मन बन गये और पत्थर-डंडो से मारपीट शुरू कर दी। परिवारजनों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। दोनों शिकायत दर्ज कराने पर पुलिस थाने पहुंचे। मामला 2 भाईयों के झगडे का और चोंट लगने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है।

कार चालक की रफ्तार से हुई थी बुजुर्ग की मौत

उज्जैन। उन्हेल स्टेशन के पास 2 नवम्बर को बाइक सवार बुजुर्ग सडक दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसकी कुछ देर बाद अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक की पहचान जीवनसिंह पिता भंवरलाल आंजना 55 साल निवासी लेकोडा आंजना के रूप में कर परिजनों को सूचना देकर अज्ञात वाहन चलाक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। चार दिनों की जांच के बाद दुर्घटना कार की रफ्तार से होना सामने आया। उन्हेल पुलिस ने कार का नम्बर ट्रेस कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। कार जप्त कर चालक को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

अभिरक्षा में महिला, साथियों की तलाश में दबिश.....

ट्रेक्टर चलाने से रोकने पर खूनी विवाद, 1 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





खेत में ट्रेक्टर चलाने से रोकने पर शनिवार को खूनी विवाद हो गया। एक पक्ष ने खेत मालिक और उसके साथी पर हमला कर दिया। मालिक घायल हो गया, साथी की मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर महिला को अभिरक्षा में लिया। उसके साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मामला घट्टिया तहसील के ग्राम बिछडौद का है। यहां रहने वाली बंजारा समाज की महिला गीताबाई ट्रेक्टर लेकर खेत हाकने पहुंची थी। इसी दौरान वहां खेत मालिक गुलाम नबी उर्फ बाबू छीपा निवासी इंदौर अपने साथी मुजीब पिता समद मंसूरी 55 साल निवासी शाजापुर के साथ पहुंचा। उसने अपने खेत में गीताबाई को ट्रेक्टर चलाते देखा तो रोकने का प्रयास किया। जिसके चलते उनके बीच विवाद हो गया और गीताबाई ने ट्रेक्टर चालक और 2 अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। पत्थर, दराते से हमले में गुलाम नबी और मुजीब मंसूरी घायल हो गये। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से उज्जैन रैफर कर दिया गया। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मुजीब मंसूरी को मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये थे। गीताबाई को अभिरक्षा में लिया गया, ट्रेक्टर चालक और अन्य साथी भाग निकले थे। जिनकी तलाश में एक टीम द्वारा उनके ठिकानों पर तलाश के लिये दबिश देने पहुंची। इधर चरक अस्पताल में मृतक का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख घायल गुलाम नबी को उपचार के लिये भर्ती किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जायेगा। मृतक का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा।

सालों से गीताबाई की निगरानी में था खेत- बताया जा रहा है कि गुलाम नबी का पैतृक गांव बिछडौद है। वह कुछ साल पहले इंदौर रहने चले गये थे। उनके खेत की निगरानी गीताबाई और उसका परिवार करता था। जानकारी सामने आई है कि गीताबाई ने खेत पर कब्जा जमा लिया था। वह कब्जा छोडना नहीं चाहती थी। गुलाम नबी के और उसके साथी मुजीब मंसूरी के पहुंचने पर विवाद बड गया था। फिलहाल पुलिस विवेचना की बात कहीं रही है। जिसके पूरी होने पर विवाद का सही कारण सामने आ पायेगा।

घायल गुलाम नबी उर्फ बाबू छीपा ने बताया कि वह शाजापुर अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने गया था। जहां दोस्त मुजीब मंसूरी मिला। दोनों उज्जैन के लिये आ रहे थे, इस दौरान तराना होते हुये अपने गांव बिछडौद स्थित खेत पहुंचे, जहां खेत में ट्रेक्टर चलता देखा तो उसे रोकने का प्रयास किया था। उसी दौरान उन पर हमला हुआ। जिसमें दोस्त की जान चली गई।

लिंक भेजकर डॉक्टरों से कराया 48 हजार का ट्रांजेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोबाइल पर लिंक भेजकर सायबर ठगों ने डॉक्टर को बातों में फंसा लिया और 40 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया। डॉक्टर को धोखाध?ी का अंदेशा हुआ तो हेल्पाइप लाइन पर शिकायत की गई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

ऋषिनगर में रहने वाले डॉ. संदीप डूंगरवाल के मोबाइल पर 19 सितंबर को लिंक आई थी। उन्होने क्लिक किया तो उन्हे सदस्य बनने की जानकारी दी गई। जिसके लिये सदस्यता शुल्क बताया गया। डॉक्टर ने सदस्यता शुक्ल 10 हजार जाम कर दिया। उन्हे बताया गया कि सदस्यता शुल्क कुछ दिनों बाद तीन गुना में वापस कर दिया जायेगा।

लेकिन 27 नम्बर तक उनका जमा सदस्यता शुल्क ब?कर वापस नहीं आया तो उन्होने लिंक पर दिये नम्बर पर कॉल किया। उनके साथ टालमटौल की जाने लगी। डॉक्टर ने सदस्यता शुल्क लौटाने की बात कहीं तो बोला गया कि उसके लिये पैसे जमा करना होगें। उसके साथ सदस्यता शुल्क जो?कर दिया जायेगा। डॉक्टर समझ नहीं पाये और 38 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया। लेकिन उन्हे पैसे वापस नहीं किये गये। उन्होने अपने साथ 48 हजार की धोखाध?ी होने पर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला माधवनगर थाना पुलिस के पास पहुंचा।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाध?ी की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। जिस खाते में ट्रांजेक्शन हुआ है। उसकी जानकारी बैंक के माध्यम से पता की जा रही है। विदित हो कि साइबर ठग आये दिन लोगों को अपनी बातों का शिकार बनाकर वित्तीय धोखाध?ी को अंजाम दे रहे है। जिले में हर दिन ऑनलाइन फ्रॉड होने के प्रकरण पुलिस दर्ज कर रही है। जबकि पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चलाकर किसी को ओटीपी, बैंक संबंधित जानकारी, लिंक पर क्लिक नहीं करने की जानकारी देकर बता रही है कि साइबर फ्रॉड से बचाव का सबसे ब?ा हथियार सावधानी है। बावजूद लोग ठगों का शिकार हो रहे है।

हिरासत में मादक पदार्थ मामलों में फरार 3 आरोपी

उज्जैन। मादक पदार्थ मामलों में गिरफ्तार 3 आरोपी जमानत मिलने के बाद न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होकर फरार हो गये थे। न्यायालय से उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका था। लम्बी तलाश के बाद 2 को राजस्थान और 1 को मंदसौर से गिरफ्तार करने में पुलिस सफल हो गई।

पुलिस द्वारा जिले में मादक पदार्थ मामलों से जुडे आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में दर्ज प्रकरणों में आरोपियों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। जमानत मिलने के बाद न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने वाले आरोपियों की धरपकड का अभियान भी जारी है। इसी क्रम में वर्ष 2021 में चिंतामण पुलिस ने अमन पिता दयाकृष्ण निवासी 32 वीं बटालियन पुलिस लाइन उज्जैन को मादक पदार्थ के साथ पकडा था। जो जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था। उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। जिसकी तलाश करने पर वह पैतृक ग्राम शेरपुर मैनावाश थाना कोटकासिम जिला खैरथल तिजारा (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। दूसरा मामला थाना नागदा से जुडा था। वर्ष 2023 में कालू उर्फ पूनमल पिता मानसिंह से 5.31 ग्राम स्मैक जप्त की गई थी। वह न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। वारंट जारी होने पर उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। नागदा पुलिस ने आरोपी को राजस्थान के भवानीमंडी से गिरफ्तार किया। उन्हेल पुलिस ने 6 माह पहले नवादा चौपाटी से मोहम्मद सोहेल और रुबीना शाहके से 55.47 ग्राम एमडी ड्रग्स और बाइक जप्त कर गिरफ्तार किया था। उन्होने अजीम अहमद पिता अकरम अहमद अजीम अहमद पिता अकरम अहमद निवासी कांच वाली मस्जिद मंदसौर से ड्रग्स लाना कबूल किया था। पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया था, जो लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम रखा गया था। उन्हेल पुलिस ने मंदसौर कोतवाली पुलिस के सहयोग से उक्त फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

खेत जाने के लिये निकले ग्रामीण को वाहन ने कुचला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात में मामा के खेत पर पानी फेरे पैदल जा रहे भांजे को पीछे से तेजगति में आये वाहन ने कुचल दिया। गंभीर घायल भांजे को परिवार उपचार के लिये उज्जैन लेकर आया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है और वाहन का पता लगाया जा रहा है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में रहने वाला अम्बाराम पिता गुलाबसिंह भाटी 45 साल रात में घर से अपने मामा के खेत पर पानी फेरने के लिये पैदल निकला था। घर से कुछ दूरी पर जाने के बाद पीछे से तेजगति में अज्ञात वाहन आया और उसे कुचल गया। परिवार को गांव के लोगों ने दुर्घटना की सूचना दी। पुत्र युवराज पिता अम्बाराम को लोगों की मदद से उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आया। लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन का पता नहीं चल पाया है। जिसकी तलाश के लिये आसपास लगे कैमरों फुटेज देखे जायेगें। टक्कर मारने के बाद वाहन उन्हेल की ओर गया है।

उपचार के दौरान मौत

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में 27 अक्टूबर को हुई 2 बाइक में हुई भिडंत के दौरान एक बाइक पर सवार विजेन्द्र पिता प्रभुसिंह चावडा 35 साल निवासी ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश गंभीर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से बाइक चलाने का प्रकरण दर्ज किया है।

वृंदावन ग्राम तालोद के गौरव की गिर नस्ल की गाय राधा प्रदेश में प्रथम

उज्जैन। उज्जैन तहसील के वृंदावन ग्राम तालोद निवासी गौरव रघुवंशी की देशी गिर नस्ल की गाय राधा ने प्रदेश में दूध देने में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गाय ने प्रति दिन करीब 20 लीटर दूध देकर यह स्थान बनाया। उज्जैन जिले के 6 वृंदावन ग्रामों के साथ ही प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता में पशु पालन विभाग ने उसकी जानकारी भोपाल भेजी थी जिसमें उसके प्रदेश में प्रथम स्थान की जानकारी मिली है। गाय के मालिक रघुवंशी को 9 नवंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों एक लाख का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मिलेगा।

उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं पशु पालन डा.वीरेन्द्र बर्वे के अनुसार वृंदावन ग्रामों के देशी नस्ल के दुधारू पशुओं की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के 6 वृंदावन ग्रामों में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय का क्रम दूध के आधार पर निर्धारित हुआ था। राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तालोद निवासी गौरव रघुवंशी की गिर नस्ल की गाय राधा का विवरण भेजा गया था। हाल ही में प्रदेश स्तर से मिली सूचना के अनुसार इसे प्रथम स्थान मिला है। 9 नवंबर को गाय पालक भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुरस्कार ग्रहण करेंगे।

तीन समय दुध निकाला,औसत 19.760 लीटर-गाय के मालिक गौरव रघुवंशी ने बताया कि उनके पास देशी नस्ल की अन्य गाय भी हैं। करीब ढाई माह पूर्व उनके पिता अर्जुन रघुवंशी ग्रामीण पशु हाट से गिर नस्ल की गाय वर्षीय राधा (करीब 5 वर्ष)को 90 हजार में खरीद कर लाए थे। उस दौरान गाय गर्भवती थी। कुछ समय बाद ही उसने एक बछिया को जन्म दिया। यह उसकी तीसरी प्रसुति थी। सामान्य अवस्था में बछिया को दूध पिलाने के उपरांत उनके पास सुबह ङ्कशाम का मिलाकर 15-16 लीटर दूध बचता है। वे प्रतिदिन गाय को 5 किलो खली,मक्का चूरी,हरा चारा,भूसा,सूखा चारा,घर की चरनोई में 5-6 घंटे चराने हैं। गौरव बताते हैं कि वे 9 नवंबर को सम्मान एवं राशि लेने भोपाल पहुंचेंगे एवं मिलने वाली राशि से देशी नस्ल की गाय खरीद कर दूध उत्पादन को बढाएंगे। उनके अनुसार प्रतियोगिता के तहत उनकी गाय राधा का तीन समय का दूध निकालकर उसके आधार पर औसत निकाला गया था।

प्रभावी कदम -उपसंचालक श्री बर्वे के अनुसार गौरव रघुवंशी की यह उपलब्धि संदेश देती है कि यदि परंपरागत गोपालन को आधुनिक पशुपालन तकनीक, अच्छी नस्ल, उचित पोषण और शासन की प्रोत्साहन योजनाओं से जोड़ा जाए।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार DCB Bank Ltd. Branch Ujjain की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक 75-ए, का उत्तर दिशा वाला भा, (कार्नर) वर्तमान नगर पालिक गृह क्रमांक 75-ए, सेठी नगर उज्जैन उज्जैन में स्थित हैं भूखण्ड कुल क्षेत्रफल 92.88 वर्ग मीटर या 1000.00 वर्ग फिट है। जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में सड़क कालोनी की, पश्चिम में - 12/7, शिवेन्द्र पिता गुलाबसिंह भदौरिया का मकान, उत्तर में सडक कालोनी की व दक्षिण में 75/ए/1, श्रीमती गंजन पति राहुल पंजाबी का मकान स्थित है। उक्त संपति की वर्तमान स्वामी श्री भारत राठौर पिता श्री गिरधारी लाल राठौर निवासी 335, हरिजन मोहल्ला झार्डा जिला उज्जैन ने उक्त संपति को इसके पूर्व स्वामी श्रीमती प्रियंका सेंगर पति श्री खगेशसिंह सेंगर से जर्ये ई-विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A102871191 दिनांक 04/11/2026 के माध्यम से क्रय किया है तभी से उक्त संपत्ति पर वर्तमान स्वामी का स्वामित्व एवं आधिपत्य निरंतर चला आ रहा है तथा उक्त सम्पत्ति के पूर्व का लिंक डाक्युमेंट विक्रय पत्र क्र. 3263 दिनांक 16.11.2011, विक्रय पत्र क्र. 1161 दिनांक 29.03.2013, विक्रय पत्र क्र. MP432022020A1583252 दिनांक 18.09.2020, मूल प्रति य मु.आ. पत्र क्र. MP17IGR18842024A400018261 दिनांक 08.11.2024, व विक्रय पत्र क्र. MP17IGR18842024A100044119 दिनांक 03.12.2024 की डिजीटल कापी वर्तमान स्वामी को पूर्व स्वामी विक्रेता द्वारा नहीं दी गई थी जो की पूर्व स्वामी द्वारा कही गुम हो गई है जिसकी प्राथमिक सुचना (रिपोर्ट) वर्तमान स्वामी द्वारा थाना माधव नगर, उज्जैन में विधिवत रुप से कर दी गई है तथा उक्त संपत्ति पर संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री भारत राठौर द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु DCB Bank Ltd. Branch Ujjain में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त पुर्व के लिंक डॉक्युमेंट विक्रय पत्र क्र. 3263 दिनांक 16.11.2011, विक्रय पत्र क्र. 1161 दिनांक 29.08.2013, विक्रय पत्र क्र. एमपी 432022020ए1583252 दिनांक 18.09.2020, मूल प्रति व मु.आ. पत्र क्र. एमपी 171 जीआर 18842024 ए 400018261 दिनांक 08.11.2024, व विक्रय पत्र क्र. एमपी 171 जीआर 18842024ए100044119 दिनांक 03.12.2024 की डिजीटल कापी को लेकर किसी प्रकार कि कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पांच (5) दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपति नहीं आने पर DCB Bank Ltd. Branch Ujjain द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जायेगी तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पति पर प्रथम ऋण भार DCB Bank Ltd. Branch Ujjain का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 08-11-2026

अशोक सुर्यवंशी (एडवोकेट)
219, द्वितिय मंजिल, सिध्दीविनायक ट्रेड सेंटर बेताल मार्ग, शहीद

नाम परिवर्तन

मैं बतूल काँचवाला आमजन को सूचित करना चाहती हूँ की वर्तमान में मैंने अपना नाम परिवर्तन करके बतूल काँचवाला से बतुल काँचवाला कर लिया है और अब से मैं वर्तमान तथा भविष्य में भी मैं इसी उपरोक्त नाम बतुल काँचवाला इसी नाम से जानी जाऊँगी ।

पता-म. नं. 16. अंकपात मार्ग बड़ा तेलीवाड़ा चौराह उज्जैन म.प्र. 456006 मो. 9826642386

पश्चिम रेलवे
नए ओएचई डिपो का निर्माण
मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनिभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/224 दिनांक 06/11/2026 आमंत्रित की जाती है। **कार्य एवं स्थान: मुंबई सेंट्रल :-** नए ओएचई (OHE) डिपो का निर्माण (कंपोजिट निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,62,66,111.01 **बयाना राशि (EMD):** ₹ 9,25,300/-। **जमा करने करने की तिथि कर की तिथि एवं समय:** 08.12.2026, 15:00 बजे तक। **खोलने की तिथि एवं समय:** 08.12.2026 को 15:30 बजे। विस्तृत विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0802
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

जाहिर सूचना

इस जाहीर सूचना के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषिभूमि जो कि ग्राम गनावा तहसील घटिट्या जिला उज्जैन के खसरा क्रमांक 201/1 रकबा 0. 31 हेक्टर, 201/2 रकबा 1.23 हेक्टर कुल रकबा 1.54 हेक्टर को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का (खरीदने का) लिखित अनुबंध किया है। अत: उक्त वर्णित सर्वे नम्बर की कृषि भूमि पर किसी बैंक पेढ़ी निगम वित्तीय संस्था निजी व्यक्ति आदि का बकाया हो उक्त कृषिभूमि में किसी अन्य का कोई हक हित हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत् किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित कृषिभूमि के विक्रय पत्र का निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नही होगी सो सूचित हो। इति दिनांक 07/11/2026 स्थान उज्जैन

ईशान जैन अधिवक्ता
18 ब्राह्ममणगली बहादुरगंज उज्जैन
मो. 8269007549

In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.)

Presiding Officer श्री संजीव कुमार गुप्ता

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS HM/150/2025)

श्याम तम्बोली.....आवेदक
विरूद्ध
श्रीमती मीना तम्बोली.....अनावेदक

Process ID-


पेशी दिनांक 22/12/2026

प्रेषिती - श्रीमती मीना तम्बोली पति श्याम तम्बोली पुत्री दौलतराम खरारे, निवासी भेरूनाला हरिजन बस्ती, उज्जैन (म.प्र.)

यह कि प्राथर्थी श्याम तम्बोली पिता स्व. बाबुलाल जी तम्बोली, आयु 42 वर्ष, निवासी- 25-सी, सिविल हॉस्पिटल, उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 13 (क) हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद सस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वय या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का श्रीमती मीना तम्बोली पति श्याम तम्बोली लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। आज तारीख 04/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
(संजीव कुमार गुप्ता)
प्रधान न्यायाधीश बुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)

अमावस की रात



पूर्णिमा और अमावस्या आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले किसी भी इंसान को शक्तिशाली संभावनाएं प्रदान करती हैं। अमावस्या का मतलब है, जब चंद्रमा अदृश्य हो। जब कभी आपकी कोई प्रिय चीज या प्रिय इंसान अनुपस्थित हो, तब उसकी मौजूदगी ज्यादा शक्तिशाली हो जाती है। अगर किसी दोस्त या प्रियजन की मृत्यु हो जाती है, तो उनके चले जाने के बाद आप उनकी मौजूदगी को और तीव्रता से महसूस करने लगते हैं। इसी तरह, चंद्रमा की गैर-मौजूदगी, उसकी मौजूदगी का पहले से कहीं अधिक एहसास कराने लगती है।

अमावस्या के दिन धरती चिंतनशील हो जाती है। कुछ तत्वों के एक साथ आने से धरती पर जीवन-प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है। धीमापन आने पर आपका अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान जाता है। जब सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा हो और आप व्यस्त होते हैं, तब आपको पता नहीं चलता कि शरीर के साथ क्या हो रहा है! यह शरीर बस आप ही हैं। अगर आपको जरा सी भी तकलीफ होती है, तो अचानक शरीर मुद्दा बन जाता है। आपको उस पर ध्यान देना पड़ता है। जब वह ठीक नहीं चलता, तब आपको एहसास होता है- ह्ययह मैं नहीं हूं। बस यह मेरा शरीर मुझे परेशान कर रहा है।

आपके और आपके शरीर के बीच एक दूरी पैदा हो जाती है। तब आप आसानी से इसके प्रति जागरूक हो सकते हैं कि आप क्या हैं और क्या नहीं हैं। फिर वहां से, असत्य से सत्य की ओर यात्रा शुरू होती है। पूर्णिमा का दिन नारी-सुलभ ऊर्जा के लिए ज्यादा सहायक है, इसलिए आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करती हैं। इसके विपरीत अमावस्या अपरिष्कृत होती है। जब हर तरफ घनघोर अंधेरा होता है, तो ऐसा लगता है, जैसे सृष्टि का ही विलय हो गया है। अमावस्या में विनाशक या भौतिकता के विसर्जन की रंगत होती है। खुशहाली चाहने वाली पौरुष ऊर्जा के लिए भी पूर्णिमा का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन मुक्ति या पूर्ण विसर्जन चाहने वालों के लिए अमावस्या एक ज्यादा बड़ी संभावना होती है। आपने सुना होगा, मानसिक रूप से अस्थिर लोग पूर्णिमा और अमावस्या के दिन ज्यादा असंतुलित हो जाते हैं। ऐसा क्यों होता है? हमारी धरती पर चंद्रमा के आकर्षण की वजह से सब कुछ ऊपर की ओर उठने लगता है। यहां तक कि महासागर भी उछाल मारने लगता है। अगर आप मानसिक रूप से कुछ असंतुलित हैं, तो आपके मस्तिष्क में खून के ज्यादा प्रवाह की वजह से आप थोड़े और असंतुलित हो जाएंगे। अगर आप खुश हैं, तो ज्यादा खुश हो जाएंगे। आपका चाहे जो भी गुण हो, उसमें उन दिनों निखार आता है, क्योंकि सारी ऊर्जा ऊपर की ओर खिंच रही होती है।

सम्पादकीय

दीपावली की सद्भावना

पांच दिवसीय दीपावली महापर्व अपने साथ अनेक उत्सव लिए आ गया है। दीपावली का बुनियादी पैगाम बहुत विस्तृत और गहरा है। इसके तार जहां मानवीयता या सामाजिकता से जुड़े हैं, वहीं प्रकृति से इसका जुड़ाव भी इसमें चार चांद लगा देता है। प्रेम, स्नेह, रूप, दीप, धन, लोक-परलोक, रक्षा, कृषि और विकास जैसे अनेक मोर्चों पर यह महापर्व हमें वर्ष भर के लिए प्रेरित कर जाता है। स्वाभाविक ही, जैसे-जैसे लोग समृद्ध होते हैं, वैसे-वैसे उनकी दीवाली का आकार-प्रकार भी बढ़ते चला जाता है। दीवाली की शोभा वास्तव में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि का संकेत होती है और इस महापर्व पर भारत की शोभा छिपती नहीं है। अनेक शहर, गांव खूबसूरती से जगमगा रहे हैं और यह बता रहे हैं कि हम तरक्की कर रहे हैं। याद कर लीजिए, जब देश आजाद हुआ था, तब प्रति भारतीय की सालाना आय मात्र 265 रुपये के करीब थी, आज भारतीयों की सालाना आय 2.40 लाख रुपये के पार बढ़ी जा रही है। अभी हमारी संपन्नता का सफर भले पूरा नहीं हुआ हो, लेकिन हम बहुत आगे निकल आए हैं। ज्यादा पीछे जाने की जरूरत नहीं है, इसी सदी की शुरूआत में लगभग 57 प्रतिशत भारतीय गरीबी रेखा से नीचे थे, पर अब करीब 14 प्रतिशत ही गरीब रह गए हैं।

समय के साथ दीवाली मनाने की सार्थकता बढ़ रही है। आयोजन में भव्यता बढ़ रही है, पर ध्यान रहे, बाह्य भव्यता ही पर्याप्त नहीं है। चरित्र और व्यवहार की भव्यता आज ज्यादा जरूरी है। धन बढ़े, तो हर हकदार तक पहुंचे। प्रकाश और आस बढ़े, तो घर-घर पहुंचे, केवल महलों तक न सिमट जाए। अब देश में जो 20 करोड़ गरीब बच गए हैं, उनकी भी दीवाली की शोभा बढ़ाने के प्रबंध सरकारों को करने चाहिए। पूंजीवाद की प्रबलता के दौर में आर्थिक बराबरी को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता, लेकिन तमाम गरीबों को अभावों से बाहर निकालने की योजनाएं थमनी नहीं चाहिए। देश में गरीबी बढ़ाने वाले जो पहलू हैं, उनका भी अंत होना चाहिए। ऐसा शिक्षा और कौशल के बल पर किया जा सकता है, पर इसके लिए साझेदारी का भाव जरूरी है। आज दिवाली पर असली संकट उन लोगों से है, जिनमें सुख-संपन्नता को साझा करने की प्रवृत्ति नहीं है। साझेदारी का भाव न हो, तो पराली या प्रदूषण जैसी समस्याएं सताती हैं। हम अपनी दिवाली ही नहीं, दूसरों की दिवाली के बारे में भी सोचें।

दीपावली पर्व पर विशेष

दीपावली पर किसी के जीवन में उजाला लाए

दीपावली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का संदेश देता है। यह केवल घरों में दीप जलाने, मिठाइयां बांटने, नए वस्त्र पहनने और बाजारों में खरीदारी करने का अवसर नहीं है, बल्कि अपने भीतर झांकने, जीवन को नई दिशा देने और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने का संकल्प लेने का भी पर्व है।



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

प्रत्येक वर्ष दीपावली आती है, हम घरों की सफाई करते हैं, सजावट करते हैं, दीपक जलाते हैं और खुशियां मनाते हैं, लेकिन क्या हम अपने विचारों, व्यवहार और सामाजिक उत्तरदायित्वों की भी सफाई करते हैं? क्या हम अपने आसपास व्याप्त निराशा, कटुता, ईर्ष्या और संवेदनहीनता के अंधकार को दूर करने का प्रयास करते हैं? वास्तव में दीपावली की सार्थकता इन्हीं प्रश्नों के उत्तर में छिपी है।

पौराणिक मान्यताओं में दीपावली के अनेक प्रसंग मिलते हैं। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर जब अयोध्या लौटे, तब नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। यह केवल एक राजा के लौटने का उत्सव नहीं था, बल्कि सत्य, मयार्दा और न्याय की पुनर्स्थापना का उल्लास था। श्रीराम का जीवन हमें बताता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, व्यक्ति को अपने मूल्यों और कर्तव्यों से विचलित नहीं होना चाहिए। उनका अयोध्या आगमन इस विश्वास का प्रतीक बना कि अंततः विजय सत्य और सदाचार की ही होती है।

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर के वध का प्रसंग भी दीपोत्सव की परंपराओं से जुड़ा है। इस कथा में अत्याचार, अहंकार और अनाचार के अंत का संदेश निहित है। समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी के प्राकट्य की मान्यता दीपावली को समृद्धि और शुभता से जोड़ती है। वहीं भगवान गणेश की पूजा हमें विवेक, बुद्धि और मंगलकारी चिंतन का स्मरण कराती है। इन पौराणिक प्रसंगों का मूल भाव केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। वे मनुष्य को अपने भीतर के अंधकार, अहंकार और नकारात्मकता से संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं।

आज के समय में दीपावली के स्वरूप पर बाजार और उपभोक्तावाद का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। घरों की सजावट से लेकर उपहारों तक, हर जगह प्रतिस्पर्धा दिखाई देती है। किसने कितनी महंगी वस्तु खरीदी, किसका घर अधिक आकर्षक सजा और किसने कितनी भव्य आतिशबाजी की, यह उत्सव की चर्चा का हिस्सा बन गया है। जबकि दीपावली का मूल भाव प्रदर्शन नहीं, प्रसन्नता का साझा करना है। त्योहार की खुशी तभी व्यापक होती है, जब उसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी हो। हमारे आसपास ऐसे अनेक परिवार हैं, जिनके लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी चुनौती है। उनके लिए दीपावली का अर्थ महंगी सजावट नहीं, बल्कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और घर में एक समय का अच्छा भोजन हो सकता है। इस बार क्यों न हम दीपावली को कुछ रचनात्मक और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ें? अपने मोहल्ले में ऐसे परिवारों की पहचान करें, जिन्हें सहायता की आवश्यकता है। किसी जरूरतमंद बच्चे को पुस्तकें और अध्ययन सामग्री भेंट करें। किसी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा का दायित्व उठाएं। किसी वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताएं। अस्पतालों में उपचार करा रहे जरूरतमंद मरीजों के परिजनों की सहायता करें। सफाईकर्मियों, घरेलू सहायकों और श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करें। यह भी संभव है कि हम अपने किसी पुराने मित्र से वर्षों की नाराजगी समाप्त कर लें या परिवार में चल रहे किसी मनमुटाव को बातचीत से दूर करें। कभी-कभी एक आत्मीय संवाद भी हजारों दीपों से अधिक उजाला कर देता है।

दीपावली स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हार, सजावटी वस्तुएं तैयार करने वाले शिल्पकार, फूल बेचने वाले छोटे विक्रेता और घरेलू उत्पाद बनाने वाली महिलाएं इस पर्व से अपनी आजीविका की आशा जोड़ती हैं। यदि हम बड़ी कंपनियों के चमकदार उत्पादों के स्थान पर स्थानीय कारीगरों के बनाए दीपक, सजावटी वस्तुएं और स्वदेशी उत्पाद खरीदें तो हमारा उत्सव किसी के घर में रोजगार का दीप भी जला सकता है। यह छोटी-सी पहल आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी भी आज दीपावली की बड़ी आवश्यकता है। आतिशबाजी से होने वाला वायु और ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और पशु-पक्षियों के लिए परेशानी का कारण बनता है। उत्सव की खुशी किसी दूसरे के लिए कष्ट का कारण नहीं बननी चाहिए। मिट्टी के दीपक जलाना, सीमित और सुरक्षित रोशनी का उपयोग करना, पौधे लगाना तथा स्वच्छता बनाए रखना हमारी उत्सव परंपरा का हिस्सा बन सकता है। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति भी हमारी सांस्कृतिक विरासत है और उसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है।

एक और महत्वपूर्ण पक्ष है ज्ञान और रचनात्मकता का प्रसार। दीपावली पर हम अपने बच्चों को केवल उपहार देना ही पर्याप्त न समझें, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, लोककथाओं, महापुरुषों और प्रेरक प्रसंगों से भी परिचित कराएं। परिवार में पुस्तक पाठ, कविता गोष्ठी, चित्रकला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। समाज की संस्थाएं भी इस अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वावलंबन और शिक्षा जैसे विषयों पर सकारात्मक अभियान चला सकती हैं। इससे त्योहार केवल एक दिन का आयोजन न रहकर सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है।

दरअसल, दीपक का स्वभाव है स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देना। वह अपने प्रकाश पर किसी प्रकार का अधिकार नहीं जताता, न ही दूसरे दीपक को जलने से रोकता है। यही जीवन का सबसे बड़ा दर्शन है। मनुष्य भी यदि अपने ज्ञान, सामर्थ्य, अनुभव और संसाधनों का कुछ अंश दूसरों के हित में लगाए तो समाज में सकारात्मकता का विस्तार सहज ही हो सकता है। प्रकाश बांटने से घटता नहीं, बढ़ता है। प्रेम बांटने से कम नहीं होता, बल्कि संबंधों को और गहरा करता है। इस दीपावली पर हमें केवल घरों की दीवारें नहीं, मनों के बीच खड़ी दीवारें भी रोशन करनी चाहिए। केवल दीपों की संख्या नहीं बढ़ानी चाहिए, बल्कि अपने अच्छे कार्यों की संख्या भी बढ़ानी चाहिए। किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी निराश व्यक्ति को आशा देना, किसी जरूरतमंद को सहारा देना और किसी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर देना ही इस पर्व की वास्तविक उपलब्धि हो सकती है।

शुभ-लाभ भी महंगे, स्वागत भी महंगा!

एक आम आदमी की दीपावली यानि खर्चों की फेहरिस्त का जुबां की तरह लम्बी होना। ये घर का मुखिया ही जानता हैं कि उसे किस मद में कटोती करनी है और किसमे नहीं? दीपावली का त्योहार आते ही बाजारों में रौनक दिखाई देने लगती है। घरों की साफ-सफाई से लेकर सजावट तक हर तरफ उत्साह का माहौल रहता है। लेकिन इस बार बाजार ने शुभ-लाभ और स्वागत को भी महंगाई के रंग में रंग दिया है।

कभी घर के दरवाजे पर दस-बीस रुपये में मिलने वाला शुभ-लाभ का प्रतीक अब सौ रुपये तक पहुंच गया है। बंदनवार के दाम 80 से लेकर 1400 रुपये तक सुनकर लगता है कि लक्ष्मीजी के स्वागत के लिए अब जेब में भी कुबेर का खजाना होना चाहिए। ऊपर से ओम, स्वास्तिक, श्री यंत्र और कलश जैसे शुभ प्रतीकों के भाव भी आसमान छू रहे हैं।

अब तो आम आदमी सोचने लगा है कि घर में लक्ष्मीजी का स्वागत करें या पहले दुकानदार की लक्ष्मी का ख्याल रखें? महंगाई का आलम यह है कि शुभ-लाभ खरीदने से पहले भी आदमी को अपना बजट देखना पड़ रहा है। लगता है कि बाजार ने शुभ को भी प्रीमियम और लाभ को भी महंगे पैकेज में बेचने का फैसला कर लिया है। मजेदार बात यह है कि बाजार में ग्राहक कम हैं, लेकिन उम्मीदें बड़ी हैं। दुकानदारों को लगता है कि दीपावली पर लोग दिल खोलकर खरीदारी करेंगे। मगर ग्राहक भी अब समझदार हो गया है। वह बंदनवार देखकर घर की चौखट नापता है और कीमत सुनकर अपनी जेब की औकात।

अब तो लगता है कि आने वाले समय में दुकानदार शुभ-लाभ के साथ एक चेतावनी भी टांग देंगे-'सावधान! यहां शुभ भी महंगा है और लाभ भी आपकी जेब देखकर मिलेगा।' वैसे लक्ष्मीजी से हमारी प्रार्थना है कि इस बार घर में भले ही सादा बंदनवार लगे, लेकिन महंगाई की बंदनवार जरूर उतार दीजिए।



पञ्चांग राशिफल


दिनांक - 08नवंबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - चतुर्दशी10:39 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - दिन पूर्ण स्वाति
योग - आयुष्मान 03:59 उपरांत सौभाग्य
करण - शकुनि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 27मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में संयम और धैर्य से काम लें, सफलता मिलेगी। व्यापार में कागजी कार्रवाई पूरी सतर्कता से करें।
वृषभ- परिवार में किसी पुरानी बात पर बहस से बचें। आर्थिक मामलों में सामान्य स्थिति रहेगी, बजट बनाएं।
मिथुन- सेहत का ध्यान रखें, नियमित दिनचर्या अपनाएं। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
कर्क- वरिष्ठों का मार्गदर्शन तरक्की के नए रास्ते खोलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल होगी, नया काम मिलेगा।
सिंह- परिजनों के साथ मनमुटाव दूर होगा, मिठास आएगी। धन संचय के प्रयास पूरी तरह सफल रहेंगे।
कन्या- स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, खान-पान सही रखें। काले तिल का दान करें या पीपल में चढ़ाएं।
तुला- पदोन्नति या नई जिम्मेदारी के योग बन रहे हैं। साझेदारी के काम में उत्तम लाभ देखने को मिलेगा।
वृश्चिक- पारिवारिक जीवन में सौहार्द और खुशहाली रहेगी। धन आगमन का मार्ग सुगम होगा, बड़ा लाभ होगा।
धनु- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, ऊर्जावान महसूस करेंगे। शनि मंदिर में नीले फूल अर्पित करें।
मकर- अतिरिक्त जिम्मेदारियों को संयम से संभालें। कागजी कार्रवाई में सतर्कता बनाए रखें।
कुंभ- परिजनों के साथ तालमेल बेहतर रखें। बजट बनाकर चलना समझदारी होगी।
मीन- थकावट महसूस हो सकती है, आराम करें। पीपल वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करें।

समसामयिक

दिवाली


हर मन में भरपूर बसे खुशहाली, जीवन हो सबका ही समृद्धशाली,
भरने खुशियों से ये झोली खाली, आई है रात अमावस की काली ।
दिव्य शक्ति अर्चन की ये सिद्ध घड़ी, देने इच्छित वर देवी मातु खड़ी,
दसों दिशाओं में फैला अंधेरा, उग्र शक्तियों ने ब्रह्माण्ड को घेरा,
है तपसी सूक्ष्म साधना में खोए, अभिलाषी सुख का नया बीज बोए,
तन-मन को खूबसूरत ही सजाया, ₹आनंद₹ अमृत जो चाहा वो पाया,
अष्ट-सिद्धि नव निधियाँ देने वाली, आई है रात अमावस की काली ।
सपना छोड़ चले थे राम अधूरा, हुआ वचन चौदह वर्षों का पूरा,
अयोध्यावासियों ने दुख भुलाया, अवधपुरी को बड़ा सुंदर सजाया,
मंगल गीत खुशी के सबने गाएं, स्वागत में प्रभु के दीप है जगाएं,
तब से पुनीत प्रथा ये चली आई, कार्तिक अमावस दिवाली कहलाई,
यामिनी जगमगाती दीपों वाली, आई है रात अमावस की काली ।
पॉच-दिवसीय त्यौहार को मनाएं, संग-संग अपना धर्म भी निभाएं,
सभी के सुख-समृद्धि की रख कामना, लक्ष्मी-गणेश की करें आराधना,
जगाएं एक प्रेम का दीप प्यारा, फैलाएं चहुँ दिश सुख का उजियारा,
निमित्त बन मुस्कान प्यारी खिला दें, चुपके से नई खुशियों से मिला दें,
परमतत्व से सहज जोड़ने वाली, आई है रात अमावस की काली ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

दीप जलाओ

दीप जलाओ, मिटे अंधियारा, जीने में खुशियों को लाओ,
दीवाली आई खुशियों वाली, चलो, औरों को भी हर्षाओ!
आगे बढ़ें, अंधियारा छलें, दुःख का साया अब न रहेगा,
जीवन में ऐसी ज्योति जलाओ, हर कोना जगमग हो जाएगा।
आओ, प्यार के बंधनवार बांधें, सुख की लड़ियों से घर सजाएं,
ऐसी निर्मल भावना जगाकर, अपनों को अपने गले लगाएं।
रोना-धोना भूल जाओ सब, दीवाली है खुशियों का मेला,
मीठी वाणी, मीठे कौर खिलाकर, कर दो दूर हर दिल का अंधेरा।
माटी के पुतले हैं हम सब, चलो अपनी अलग पहचान बनाएं,
हर आँगन में खुशियाँ बिखेरकर, मिलकर दीप पर्व मनाएं!



मदन वर्मा (माणिक)
(दैनिक अवन्तिका)


खुशियों का संदेश

दीपावली का पर्व है आया, खुशियों का संदेश है लाया।
दीप जलाएँ, खुशियाँ मनाएँ, पटाखे सावधानी से चलाएँ।
खुले स्थान पर पटाखे चलाएँ, घर के पास कभी न जलाएँ।
बच्चों को बड़ों की निगरानी, तभी बनेगी खुशियाँ सुहानी।
पानी की बाल्टी पास में रखें, सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।
ढीले कपड़े पहनकर न जाएँ, पटाखों से दूरी बनाएँ।
पटाखा हाथ में लेकर न जलाएँ, जलता पटाखा पास न जाएँ।
फूटे पटाखे को हाथ न लगाएँ, दोबारा उसे कभी न जलाएँ।
आँखों की सुरक्षा का रखें ध्यान, पहनें चश्मा बनाकर पहचान।
पटाखों से प्रदूषण बढ़ता भारी, स्वच्छ हवा है जिम्मेदारी हमारी।
तेज आवाज से बचें हर बार, रखें बुजुर्गों का भी विचार।
पशु-पक्षियों का रखें ख्याल, यही है खुशियों का सच्चा कमाल।
आग लगे तो घबराएँ नहीं, तुरंत बड़ों को बताएँ सही।
सावधानी से पर्व मनाएँ, खुशियों के दीप जलाएँ।

मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

दीयों से मनाएँ दीपावली, मिट्टी के दीये जलाएँ

आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। दीपावली जैसे पावन पर्व पर मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा भी अब सिमटती जा रही है। उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइटों, झालरों और अन्य कृत्रिम रोशनी ने ले ली है। यह बदलाव केवल हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी इसके दूरगामी परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के लिए आवश्यक है कि हम दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने तथा पटाखों से परहेज करने का संकल्प लें।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

दीपावली का पर्व मिट्टी के दीयों से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति और आस्था में रचा-बसा त्योहार है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से कार्तिक मास की अमावस्या को दीपोत्सव मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। मिट्टी के दीये जलाना केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति से जुड़ाव का भी प्रतीक है। पिछले दो दशकों में कृत्रिम रोशनी का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। आधुनिकता की चकाचौंध में हम अपनी पारंपरिक जीवनशैली से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली पर बिजली की रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों का प्रयोग बढ़ा है, वहीं तेज आवाज वाले पटाखों ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की समस्या को गंभीर बना दिया है। इसका सबसे अधिक प्रभाव पर्यावरण, पशु-पक्षियों, बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर पड़ता है।

इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक पक्ष भी है। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का परंपरागत व्यवसाय धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। एक समय था जब दीपावली आने से कई सप्ताह पहले लोग कुम्हारों को दीयों के ऑर्डर दे दिया करते थे। उनके परिवार के सभी सदस्य दिन-रात मेहनत करके दीये तैयार करते थे। भले ही उनकी आमदनी बहुत अधिक नहीं होती थी, लेकिन अपनी कला और परंपरा को जीवित रखने का उत्साह उनमें अवश्य रहता था।


आज स्थिति बदल गई है। मिट्टी के दीयों की मांग घटने से कुम्हारों का उत्साह भी कम हुआ है। अनेक परिवार अपने पुश्तैनी व्यवसाय से दूर होकर दूसरे रोजगार अपनाने को मजबूर हैं। दीपावली पर अब कई घरों में केवल प्रतीकात्मक रूप से दो-चार मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं, जबकि अधिकांश सजावट इलेक्ट्रॉनिक लाइटों और झालरों से की जाती है। हमें यह समझना होगा कि हमारी छोटी-सी पहल किसी कारीगर के परिवार के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। मिट्टी के दीये खरीदकर हम न केवल अपनी संस्कृति को बचाते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों की आजीविका को भी सहारा देते हैं।

मिट्टी के दीये जलाने की परंपरा का अपना अलग सौंदर्य और महत्व है। सरसों के तेल से जलते दीये की लौ मन को एक विशेष शांति और आत्मीयता का अनुभव कराती है। दीये की सादगी और उसकी प्राकृतिक सुंदरता का मुकाबला कृत्रिम रोशनी नहीं कर सकती। मिट्टी के दीये स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक शिल्प से जुड़े होते हैं। हालांकि पर्यावरण संरक्षण के लिए उनका उपयोग करते समय तेल, बाती और अन्य संसाधनों का भी विवेकपूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। हमारी संस्कृति केवल दीये जलाने तक सीमित नहीं है। इसमें घरों की स्वच्छता, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ बाँटना, पड़ोसियों और जरूरतमंदों को उपहार देना तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखना भी शामिल है।

धर्म-आस्था

जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना, अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए

भारत कि सांस्कृतिक विरासत तीज, त्योहारों, उत्सवों से साल भर जगमगाती रहती है। इस जगमग के मध्य महापर्व दीपावली सूर्य के मानिंद दुनियाँ को भारतीय सांस्कृतिक विरासत कि श्रेष्टता से अवगत कराता प्रतीत होता है। दीपावली मुख्य रूप से अंधीयारे से उजियारे, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान कि विजय का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर और राक्षसराज रावण का वध करके अयोध्या लौटे थे, उनके स्वागत मे अयोध्यावासियों ने घी के दीपक जलाकर अयोध्या नगरी को रोशन किया था। कार्तिक मास कि अमावस्या को दीपावली का पर्व दुनियाँ भर मे मनाया जाता है। यह उत्सव धनतेरस से प्रारम्भ होकर भाई दूज याने पांच दिवस तक चलता है। दीपावली के पूर्व घर, दुकान, प्रतिष्ठान रंग-रोगन से सजाए जाते है। बाजार रोशनी से जगमगा उठते है। मानसून के उपरांत दीपावली का आगमन सफाई के वैज्ञानिक संदेशो को भी समाहित किये हुए है। बारिश कि समाप्ति और शरद ऋतू के आगमन के समय अत्यधिक नमी के कारण किट पतंगो और बैक्टेरिया और हानिकारक किटों का प्रभाव अधिक रहता है जो सफाई पुताई और दीपक कि रोशनी से निकलने वाली गर्मी से नष्ट होते है। वातावरण शुद्ध होता है।



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

श्री राम के 14 वर्षीय वनवास के उपरांत अयोध्या लौटने का यह प्रसंग जनमानस को इस बात का संदेश देता है कि जीवन सुख-दुख के समावेश का क्रम है। वनवास वचन है, श्री राम के संघर्ष कि कहानी है। वनवास श्री राम के जीवन का सबसे महत्वपूर्व प्रसंग है जो उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम बनाता है। अयोध्या के राजसी वैभव से वँचित राम वनों के दुर्गम रास्तों से गुजरे उनके साथ उनकी पत्नी सीता एवं भाई लक्ष्मण भी थे। वनवास और माता सीता के अपहरण कि कहानी जग प्रसिद्ध है। श्री राम का चरित्र जमीनी वास्तविकताओं से रूबरू कराता है। प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास कि राम से जुडी प्रेरणादायी पंक्तियाँ है- 'क्या है वनवास राम से पूछो, इसका संत्रास राम से पूछो। वन मे कैसे सुखी रहा जाए, इसका अभ्यास राम से पूछो।'

यह पंक्तियाँ श्री राम के जीवन के सघर्ष और धैर्य को दशार्ती है। महलों का सुख छोड़कर चौदह वर्ष जंगल मे भटकने की पीड़ा और उसका गहरा संत्रास क्या होता है। लेकिन कठिन और विषम परिस्थियो से विचलित होने के बजाय, हर हाल मे सुखी रहने की कला भी श्री राम के जीवन मे समाहित है।

श्री राम का जीवन आदर्श, मयार्दा और कोमल मानवीय गुणों से परिपूर्ण है। समानता का संदेश हो या न्याय की स्थापना साधारण मानवीय जीवन के समस्त पहलुओं को स्पर्श करता श्री राम का विराट चरित्र रोशनी के इस महापर्व पर यह संदेश देता है की प्रकाश चंहुओर पहुँचे धरा पर अंधेरा कही रह न जाए कविराज गोपालदास नीरज के शब्दों में -

सृजन है अधूरा अगर विश्व भर में,
कहीं भी किसी द्वार पर है उदासी,
मनुजता नहीं पूर्ण तब तक बनेगी,
कि जब तक लहू के लिए भूमि प्यासी,
चलेगा सदा नाश का खेल यूँ ही,
भले ही दिवाली यहाँ रोज आए
जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना
अँधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।

नीरज की कविता पूरी धरती और मानवता के लिए रोशनी की कामना करती है। प्रगति का प्रकाश हर घर फैले, सृजन और नवाचार का उजाला सम्पूर्ण मानवता को रोशन करें। दीपावली पर्व की मूल भावना भी इसी संदेश और विचार से जुडी है। गरीबी, अशिक्षा, अनीति के अंधीयारे से मानवता मुक्त हो, शिक्षा, ज्ञान और नव निर्माण के उजियारे से सारी दुनियाँ प्रकाशित हो। श्री राम का जीवन दर्शन बरसों से दुनियाँ का पथ प्रदर्शन करता आ रहा है। इस दर्शन मे विश्व कल्याण की भावना है, यह दर्शन समानता और न्याय की स्थापना का संदेश देता है।

दुनियाँ के लोग उसी दर्शन, ज्ञान और विचार को ग्रहण करते है जो मानवता के कल्याण का संदेश देते है। रावण रूपी विचार हर दौर मे रहे किंतु उनकी उम्र लम्बी नहीं रही, दुनियाँ पर ताकत, बल और हिंसा से शासन स्थापना की रावणी प्रवृत्तियाँ अब भी अपना रूप दिखाती है। हिंसा और बारूद के बल पर दुनियाँ को अपने इशारे पर चलाने की यह अनीति दुनियाँ को चलाने की नीति कभी नहीं बन पाई।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्न्ड- 1,45,200 रवा- 1,45,000 चांदी-टंच- 1,89,000 पाट- 1,88,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



105 गुम हुए मोबाइल असल मालिक को लौटाए

शाजापुर। गुम हुए मोबाइल फोन तलाश कर पुलिस ने उनके असल मालिक तक पहुंचाए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम पर कार्यक्रम आयोजित धनतेरस पर 105 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपए है। एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि गुम हुए मोबाइल साइबर सेल की मदद से तलाश कर उनके मालिका कों लौटाए। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग



शाजापुर। अचानक हुए शार्ट सर्किट के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जानकारी के अनुसार बजरंग कॉलोनी में सुबह करीब 7 बजे डीपी से आग की लपटें उठने लगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद आग को बुझाया गया। रहवासियों का आरोप है कि डीपी में आग लगने की सूचना बिजली कंपनी के जिम्मेदारों को देनी चाही, लेकिन उन्होने फोन नही उठाया, इस पर पुलिस को सूचना दी गई।

सिंचाई विवाद में पुत्र ने पिता को पीटा

शाजापुर। सिंचाई विवाद में पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र के ग्राम लालाखेड़ी गुर्जर में शुक्रवार को खेत में सिंचाई को लेकर विवाद पवन सिंह ने अपने पिता सौदान सिंह पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई। सौदानसिंह अपने खेत में सिंचाई कर रहा था, इस दौरान उनके बेटे पवनसिंह ने उन्हें खेत में पानी देने से रोका। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पवन सिंह ने पिता पर लाठी से वार कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई। घायल सौदान सिंह को परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

कब्रिस्तान से नवजात का शव मुंह में दबोचकर लाया कुत्ता

शाजापुर। शाजापुर के महुपुरा इलाके में हाट मैदान के पास बने कब्रिस्तान से एक आवारा कुत्ता मुंह में नवजात शिशु पकड़कर ले जाता नजर आया। राहगीरों ने कुत्ते को पत्थर मारकर शव उसके मुंह से छुड़ाया। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची और नवजात के शव को जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया। कोतवाली में सब इंस्पेक्टर राहुल पोरवाल ने बताया कि डायल 112 को सड़क किनारे नवजात का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

आगर मालवा। आगर मालवो सिद्धार्थ कॉन्वेंट हाई स्कूल में 2 से 5 नवंबर तक चार दिवसीय दीपावली उत्सव मनाया गया। इस दौरान मिनी, जूनियर और सीनियर सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने निबंध, कविता लेखन, राइटिंग, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट और रंगोली जैसी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिताओं में कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। उत्सव के अंतिम दिन बच्चों ने फुलझड़ियां जलाकर दीपावली की खुशियां मनाईं।

शहर में लगा कचरे का अंबार, निकाली बाइक रैली

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी 15 साल से वेतन नहीं बढ़ने पर आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों ने पहले नगरपालिका परिसर में धरना दिया और इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल बाइक रैली निकालकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। सफाई कर्मचारियों की इस अचानक हुई हड़ताल के कारण पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

शुक्रवार को धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले 15 सालों से उनके वेतन में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। महंगाई के इस दौर में अल्प वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग पर भी प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस और अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों का आरोप है कि वे अपनी इन समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं। कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन समाधान न होने के कारण अब उन्हें मजबूर होकर धरना और रैली के जरिए सड़क पर अपनी बात रखनी पड़ रही है।

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली, गूंजे नारे

नगरपालिका परिसर में अपना विरोध दर्ज कराने के बाद बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने अपनी-अपनी दोपहिया वाहनों पर सवार होकर एक रैली निकाली। यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गों और मुख्य बाजारों से होकर गुजरी। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से जल्द से जल्द उनकी सुनवाई करने की अपील की।

गली-मोहल्लों में बिखरा कचरा, नागरिक परेशान

सफाई कर्मियों की इस हड़ताल का सीधा और तत्काल असर शहर की स्वच्छता पर पड़ा है। यही कारण रहा कि शहर की कॉलोनियों, गली-मोहल्लों और मुख्य चौराहों पर सफाई नहीं हो सकी। सड़कों पर यहां-वहां कचरा बिखरा पड़ा रहा और कचरा संग्रहण वाहन भी नहीं पहुंचे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी चार सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।



बाल विवाह की कुप्रथा मिटाने का लिया संकल्प, आंगनवाड़ी केंद्रों पर हुआ आयोजन

शाजापुर। समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने और जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से शहर में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। आयोजन के दौरान परियोजना अधिकारी नेहा चौहान और सुपरवाइजर प्रिया गोस्वामी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम काजल विश्वास ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जागरूकता अभियान में शहर के अलग-अलग आंगनवाड़ी केंद्रों से आई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनवाड़ी केंद्र 10/3 से तस्लीम बानो, केंद्र 6/2 से शाइस्ता, केंद्र 7/1 से रोशन मंसूरी, केंद्र 7/2 से रेहाना शेख, केंद्र 8/1 से शकीरा और केंद्र 8/2 से यास्मीन खान सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यकर्ताओं और वार्ड की महिलाओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए समाज को निरंतर जागरूक करती रहेंगी।

देवास में आबकारी विभाग ने अमले में किया फेरबदल

2 सहायक जिला आबकारी अधिकारी, 9 उपनिरीक्षक समेत 24 के कार्यक्षेत्र बदले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले में आबकारी विभाग ने अपने अमले में बड़ा फेरबदल किया है। लंबे समय से एक ही क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए हैं। इसमें 2 सहायक जिला आबकारी अधिकारी, 9 आबकारी उपनिरीक्षक और 13 मुख्य आरक्षक व आरक्षक शामिल हैं। कुल 24 अधिकारी-कर्मचारियों के प्रभार और सर्कल बदले गए हैं।

दरअसल, जिले में अवैध शराब के कारोबार को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। चंदाना-बिंजाना में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आई थी। इसके बाद विभाग ने अमले की जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। माना जा रहा है कि इससे अवैध शराब के खिलाफ निगरानी और कार्रवाई को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

कलेक्टर नेहा मीना के अनुमोदन के बाद सहायक आबकारी आयुक्त राकेश कुमार कुर्मी ने नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे को सोनकच्छ, देवास (ब), बागली (ब) और देशी मदिरा मद्यभांडागार सोनकच्छ के पुराने प्रभार से हटाया गया है। अब उन्हें देवास (अ), देवास (ब), सोनकच्छ, बागली (अ) और मद्यभांडागार सोनकच्छ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, महेश चन्द्र पटेल को देवास (अ), बागली (अ) और टोंकखुर्द के पुराने प्रभार से हटाकर कन्नौद, खातेगांव, टोंकखुर्द, देवास (स) और बागली (ब) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उपनिरीक्षकों को इन सर्कल की जिम्मेदारी

वृत्त स्तर पर आबकारी उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र भी बदले गए हैं। प्रेम नारायण यादव को देवास (अ) एवं बागली (ब), रोहित मुकाती को सोनकच्छ, गोकुल प्रसाद मेघवाल को मद्यभांडागार देवास और योगेन्द्रसिंह ठाकुर को देवास (ब) की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अरविंद सिंह सोलंकी को देवास (स), कैलाशसिंह जामोद को टोंकखुर्द और पूजा गेहलोत को कन्नौद वृत्त सौंपा गया है।

संबल योजना से विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा एवं नामांकन शुल्क के 1,85,500 माफ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी 'संबल योजना' आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा सहारा बन रही है। इसी योजना के तहत स्थानीय शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जीरापुर के 155 संबल पात्र विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा एवं नामांकन शुल्क में बड़ी राहत प्रदान की गई है।

संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस सत्र में योजना के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 9वीं के 47, कक्षा 10वीं के 43 और कक्षा 12वीं के 65 पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इन सभी छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा एवं नामांकन शुल्क की कुल 1,85,500 रुपये की राशि शासन द्वारा वहन की गई है, जिससे विद्यार्थियों को शुल्क में पूरी छूट मिली है।

शासन के इस सराहनीय कदम से नगर और ग्रामीण अंचल के उन गरीब एवं श्रमिक परिवारों को भारी आर्थिक राहत मिली है, जिनके लिए बोर्ड परीक्षा का एकमुश्त शुल्क जुटाना एक बड़ी चुनौती होता है। शुल्क का यह भार हटने से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। अब ये छात्र-छात्राएं बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी आगामी परीक्षाओं की तैयारी पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने शासन की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद विद्यार्थियों का मनोबल ऊंचा होता है और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ता है। आर्थिक अभाव के कारण किसी भी मेधावी या जरूरतमंद छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो, इस दिशा में संबल योजना एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

भारतीय किसान संघ का सदस्यता अभियान 5 दिसंबर से 51 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य



शुजालपुर। भारतीय किसान संघ तहसील शुजालपुर की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के बैठक हॉल में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के आगामी सदस्यता अभियान और विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई। संगठन का सदस्यता अभियान 15 दिसंबर से शुरू होगा। इसके तहत शुजालपुर तहसील को 51 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में बताया गया कि भारतीय किसान संघ की रीति-नीति के अनुसार संगठन की समितियों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। आगामी वर्ष में वर्तमान समितियों का कार्यकाल पूरा होने के बाद संगठन की इकाइयों का पुनर्गठन किया जाएगा। इससे पहले सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा जाएगा। कार्यकर्ताओं ने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए गांव-गांव तक पहुंच बनाने और सदस्यता अभियान को गति देने की योजना बनाई।

सराली पंचायत में कीचड का अंबार,उफन रही नालियाँ

त्योहारों के बीच पंचायत की सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



समीपस्थ ग्राम सरली में इन दिनों गंदगी और कीचड की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। गांव की गली-मोहल्लों में नालियां जाम होने से गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। जगह-जगह कीचड जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। त्योहारों के बीच भी गांव में सफाई व्यवस्था की अनदेखी होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है।

ग्राम पंचायत सराली की विभिन्ना गलियों में नालियों का गंदा पानी बाहर आने से रास्तों पर कीचड फैल गया है। ग्रामीणों को इन रास्तों से निकलने में काफी दिक्कत हो रही है। पैदल निकलने वाले लोगों के कपडे गंदे हो रहे हैं, वहीं बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी परेशानी उठानी पड रही है।

एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत सराली में सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति अभियान के उद्देश्यों पर सवाल खडे कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जगह-जगह गंदगी और कीचड जमा होने के बावजूद नियमित साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार इस समस्या से सरपंच को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। त्योहारों के अवसर पर भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं होने से लोगों में असंतोष है।

ग्रामीणों ने की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

ग्रामवासियों ने पंचायत से मांग की है कि गांव की सभी नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए तथा गलियों में जमा कीचड हटाकर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि पंचायत प्रशासन ग्रामीणों की इस समस्या पर कब तक ध्यान देता है और गांव को गंदगी से राहत मिलती है।

देवास में महालक्ष्मी मंदिर 5 करोड़ के नोटों से सजा

3 करोड़ के सोने-चांदी के आभूषण भी लगाए, सुरक्षा में 30 सीसीटीवी कैमरे और 4 गनमैन तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के मोती बंगला स्थित शिवाजी नगर के श्री योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में धनतेरस पर मां का दरबार 5 करोड़ रुपए से ज्यादा के नोटों से सजाया गया है। इसके साथ ही करीब 3 करोड़ रुपए से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण भी सजावट में लगाए गए हैं। रतलाम के प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर देवास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर यह सजावट की गई है।

मंदिर में 1000 से ज्यादा नोटों की लड़ियां लगाई गई हैं। इनमें 500, 2000, 100, 50 और 20 रुपए के नोट शामिल हैं। इनसे फूल, सितारे, झूमर और चक्र की आकृतियां बनाई गई हैं। सजावट में 16 तरह की विदेशी करेंसी भी शामिल की गई है।

श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास ने पिछले साल पहली बार इस तरह का आयोजन किया था। तब समिति ने 51 लाख रुपए के नोटों से मंदिर सजाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन भक्तों के सहयोग से करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि एकत्रित हुई थी। पिछले साल मिले सहयोग से उत्साहित समिति ने इस बार 5 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा था। भक्तों की भागीदारी से यह आंकड़ा भी पार हो गया। इस बार नोटों के साथ 3 करोड़ रुपए से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण भी सजावट में शामिल किए गए हैं।

करोड़ों रुपए के नोटों और आभूषणों से सजे दरबार की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर और आसपास निगरानी के लिए करीब 30 उउळश कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा चार गनमैन भी तैनात रहेंगे।

न्यास अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि पिछले साल भक्तों ने जिस उत्साह से आयोजन में भागीदारी की थी, इस बार उससे भी ज्यादा सहयोग मिला है। आयोजन में सहयोग करने वाले भक्तों को रसीद दी जाती है। उनकी दी गई राशि भाईदूज पर कुबेर पोटली के साथ वापस लौटाई जाती है।

कपिल व्यास, भरत व्यास और राहुल जैन सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले साल भी इस आयोजन को देखने देवास और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार नोटों और सोने-चांदी के आभूषणों से सजा मां महालक्ष्मी का दरबार शहर में दीपावली का प्रमुख आकर्षण बना हुआ है।

सजावट के लिए उज्जैन से आए कलाकार

इस भव्य सजावट को तैयार करने के लिए उज्जैन और रतलाम से 10 से अधिक कलाकारों की टीम बुलाई गई थी। कलाकारों ने करीब 48 घंटे तक लगातार मेहनत कर मंदिर को सजाया। धनतेरस से भाईदूज तक श्रद्धालु मां महालक्ष्मी के इस विशेष दरबार के दर्शन कर सकेंगे।

सलसलाई में 170 परिवारों को मिली आवासीय जमीन रजिस्ट्री:248 रजिस्ट्रियों का लक्ष्य



अकोदिया। अकोदिया के सलसलाई में शुक्रवार दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व अधिकार अभियान का कार्यक्रम हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने पांच हितग्राहियों को आवासीय भूमि की निशुल्क रजिस्ट्री के दस्तावेज सौंपे। यहां तय 248 रजिस्ट्रियों के लक्ष्य में से अब तक 170 पूरी हो चुकी हैं। यानी करीब 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार देना है। जिन जमीनों पर परिवार वर्षों से रह रहे हैं, उनकी रजिस्ट्री मिलने से उन्हें वैधानिक अधिकार और सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार हर पात्र ग्रामीण परिवार को आवासीय संपत्ति का अधिकार देने का प्रयास कर रही है। रजिस्ट्री से ग्रामीणों को संपत्ति की कानूनी पहचान मिलेगी और वे जरूरत के अनुसार उसका उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, एसडीएम नेहा गंगारे, गुलाना तहसीलदार रितेश जोशी, जनपद पंचायत सीईओ पूजा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोवा, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह बंटी बना और हिरेन सिंह जादौन मौजूद रहे। इनके अलावा जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण भी शामिल हुए।

बैंक नोट प्रेस में धनतेरस पर कुबेर पूजन के अवसर पर कलेक्टर ने संस्थान की तरक्की की कामना की

देवास। देवास के बैंक नोट प्रेस में धनतेरस पर भगवान कुबेर की पूजा की गई। कलेक्टर नेहा मीना, एसपी आदित्य मिश्रा, कमांडेंट, बीएनपी के जीएम और अन्य अधिकारी इसमें शामिल हुए। 101 दीपकों से महाआरती भी की गई। अधिकारियों ने बीएनपी की उन्नति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि बीएनपी में हर साल धनतेरस पर भगवान कुबेर की पूजा होती है। इस साल भी अधिकारियों ने साथ मिलकर पूजा की और संस्थान की तरक्की की कामना की। नेहा मीना ने देवास के लोगों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। एसपी आदित्य मिश्रा ने कहा कि उन्हें बीएनपी परिसर में पूजा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यहां परंपरा के अनुसार पूजा की गई और सभी को यह पर्व खुशियों के साथ मनाना चाहिए। नगर जनहित सुरक्षा समिति ने माता टेकरी स्थित भगवान कुबेर देव का दूध और जल से अभिषेक किया। समिति के सदस्यों ने 101 दीप जलाकर महाआरती की और आर्थिक सुख-समृद्धि, खुशहाली और विकास की कामना की। इस मौके पर समिति के अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गौड़, सुभाष वर्मा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



धनतेरस पर करोड़ों रुपये का हुआ व्यापार, देर रात तक रही बाजार में भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

धनतेरस के मौके पर बाजार में खूब धन बरसा और लोगों ने मुहूर्त में जमकर खरीददारी की। ग्राहकी के चलते बर्तन और सराफा बाजार के अलावा पूजन सामग्री एवं सजावटी सामानों की दुकानों पर भी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बाजार में चहल-पहल बढने लगी थी जो दोपहर तक अपने चरम पर थी। वहीं दूसरी ओर एबी रोड स्थित आटोमोबाइल शोरूम पर भी करोड़ों के कारोबार का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को धनतेरस पर सुबह से लेकर देररात तक बाजार में रौनक छाई रही और लोगों ने शुभ मुहूर्त में खरीदी की। इस दिन सराफा बाजार में जहां लोगों के द्वारा सोना-चांदी के आभूषण पसंद किए जा रहे थे तो वहीं बर्तन बाजार में महिला-पुरुषों ने बर्तनों की खरीदी की। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अपने पसंद की टीवी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण खरीदे। धनतेरस पर दोपहिया वाहन का बाजार भी दमक उठा जहां करोड़ों रुपये का व्यापार किया गया और शोरुमों पर ग्राहक दोपहियां खरीदते नजर आए। ऑटो मोबाइल संचालकों के अनुसार जितनी उम्मीद थी उससे ज्यादा वाहन बिके हैं। अच्छी ग्राहकी के चलते ऑटो मोबाइल में लगभग 20 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। वहीं सराफा, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक, बर्तन बाजार, ट्रैक्टर, कार, किराना, फर्नीचर में 10 करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान है। ऑटो मोबाइल संचालकों की मानें तो धनतेरस पर करीब जिले में 700 बाइकें बिकी हैं।



गौरतलब है कि दीपावली का पर्व कल रविवार को है, लेकिन धनतेरस से ही इसकी सही शुरूआत हो गई है। यही कारण रहा कि धनतेरस पर धानमंडी, किला रोड, महूपुरा चीलर नदी पर लोग मिट्टी के दीपक, धानी, लक्ष्मी पाना और अन्य वस्तुओं की खरीदारी में मशगूल नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा ज्यादा इन वस्तुओं की खरीदारी की गई। साथ ही धनतेरस पर युवतियों ने अपने घरों के सामने आकर्षक रंगों से रंगोली सजाई।

बाजार में देररात तक रही रौनक

धनतेरस के दिन शहर के बाजारों में ग्रामीण क्षेत्रों से भी ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। महूपुरा नदी से लेकर सराफा बाजार, कसेरा बाजार, सोमवारिया, नई सडक पर भी खासी भीड़ जमा हुई। इस दिन गोवर्धन पूजा को दृष्टिगत रखते हुए अधिकांश ग्रामीणों द्वारा पशुओं की साज-सज्जा की सामग्री की खरीदी की गई। इसी के चलते बस स्टैण्ड पर भी भीड़ भरा नजारा दिखा और दिनभर स्टैण्ड पर यात्रियों की चहल-पहल नजर आई।

नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर में शीतकाल में बदलेगी व्यवस्था

उज्जैन । आगर मालवा जिला अंतर्गत मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा ने शीतकाल प्रारम्भ होने पर परम्परा अनुसार मां बगलामुखी मंदिर की दर्शन एवं हवन व्यवस्था में परिवर्तन किया है । शीत काल के दौरान शाम को होने वाली संध्या आरती आधा घंटा पूर्व 7 बजे होगी। इसके चलते यहां किए जाने वाले हवन का स्लाट शाम 6-7 बजे नहीं होगा। मंदिर प्रबंध समिति के सचिव एवं तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव के अनुसार सायं में हवन स्लॉट समय अनुसार 5 से 6 अंतिम रहेगा। संध्या आरती के पश्चात हवन पुर्वानुसार संचालित रहेंगे। प्रात: कपाट खुलने का समय 5:30 बजे पर यथावत रहेगा। मंगला आरती समय प्रात: 6 बजे यथावत रहेगी । संध्या आरती आधा घंटा पूर्व सायं 7 बजे रहेगी । रात्रि में मंदिर के कपाट बंद होनें का समय आधा घंटा पूर्व रात्रि 9 बजे रहेगा । परंपरा अनुसार इसका पालन सोमवार 9 नवंबर से किया जाएगा।

तारक मेहता वाले अय्यर ने किए महकालेश्वर के दर्शन

उज्जैन टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अय्यर का किरदार निभाने वाले अभिनेता तनुज महाशब्दे शनिवार को उज्जैन पहुंचे। उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और जलद्वार पर जलाभिषेक किया। उनके 80 वर्षीय पिता भी साथ थे। मंदिर समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया।दर्शन के बाद तनुज ने मीडिया से कहा कि महाकाल के दर्शन से उन्हें उम्मीद से ज्यादा खुशी मिली। दर्शन इतने अच्छे हुए कि वे इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते। तनुज ने कहा कि विज्ञान कितना भी आगे बढ़ जाए, भगवान की महत्ता सबसे ऊपर है। धारावाहिक में वे साइंटिस्ट का किरदार निभाते हैं, लेकिन बाबा महाकाल से बढ़कर कोई नहीं है। महाकाल सर्वोपरि हैं और उनका स्मरण करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

दीपावली बाजारों में पहुंचे महापौर, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील



उज्जैन। दीपावली पर्व को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। बाजारों में खरीदारी की तैयारियों और दुकानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने गौपाल मंदिर और छत्री चौक क्षेत्र के दीपावली बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और व्यापारियों से चर्चा कर स्थानीय उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने तथा लोकल फॉर वोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील की। महापौर ने कहा कि दीपावली पर नागरिक स्थानीय व्यापारियों से सामान खरीदें और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। इससे स्थानीय कारोबार को मजबूती मिलेगी और छोटे व्यापारियों को भी लाभ होगा। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि दुकानें निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं, ताकि बाजारों में आवागमन सुचारू बना रहे और यातायात बाधित होने की स्थिति निर्मित न हो। महापौर ने बाजारों में स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने दुकानदारों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और कचरा निर्धारित स्थानों पर डालने की अपील की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बाजार में मौजूद नागरिकों से भी मुलाकात की और उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा और रजत मेहता उपस्थित रहे।

आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों के हक में विशाल भार्गव ने उठाई आवाज

गुना। जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत करीब 250 आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन का मुद्दा उठाते हुए मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष विशाल भार्गव ने कर्मचारियों के हित में प्रभावी पहल की है। पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारी आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे थे। उनकी समस्या को लेकर विशाल भार्गव लगातार प्रयासरत थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए विशाल भार्गव ने सबसे पहले 28 तारीख को फोन पर कलेक्टर से चर्चा कर कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्या से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर से व्यक्तिगत मुलाकात कर करीब 250 आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों की परेशानी और उनकी आर्थिक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारियों का बकाया वेतन जल्द जारी कराने की मांग रखी। विशाल भार्गव की पहल के बाद कलेक्टर ने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग और संबंधित कंपनी की ओर से कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों का दो महीने का रुका हुआ वेतन जारी कर दिया गया। लंबे समय से वेतन का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को राशि मिलने से राहत मिली है। कर्मचारियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाने के लिए विशाल भार्गव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मक्का की करप जलने से पडोसी किसान का हुआ नुकसान

आरोन। रामपुर ग्राम में गुरुवार को सोनू कुशवाहा कृषक की दोपहर को मक्का की करप जलने से नष्ट हो गई है। गांव के ही अनुज शर्मा या उनके साथी ने स्वयं के खेत में रखी पराली जलाने हेतु खेत साफ कराने हेतु आग लगा दी। सोनू ने बताया कि मेरा खेत अनुज शर्मा के खेत से लगा होने के कारण हमारा खेत जो बटाई वाला था। जिसमें मक्का की करब पशु जानवरों को खाने के लिए रखी थी वह सब जल कर नष्ट हो गई है। यदि समय पर शासन की फायर बिग्रेड नहीं पहुंचती तो पशु जानवरों आग की लपेट में आ जाते और काफी नुकसान हो जाता।

वायुसेना का गजराज 13 हजार फीट की ऊंचाई पर उतरा

लद्दाख। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को अपने भारी मालवाहक विमान -76 की लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर लैंडिंग करवाई। यह लैंडिंग 13,629 फीट की ऊंचाई पर हुई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा एयरबेस है। के मुताबिक, इस विमान की दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस पर लैंडिंग हुई। न्योमा को मुध-न्योमा भी कहते हैं। यह पूर्वी लद्दाख में है और चीन बॉर्डर से सिर्फ 23 किमी दूर है। नवंबर 2025 में न्योमा को अपग्रेड करके नया एयरबेस बनाया गया था। तब तत्कालीन एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने - 130 से उतरकर इसका उद्घाटन किया था। के मुताबिक यह दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर-कैपेबल एयरफील्ड है। मतलब साफ है - अब भारत, चीन बॉर्डर के बिल्कुल पास भारी हथियार, गाडियां और बड़ी संख्या में सैनिक बहुत तेजी से पहुंचा सकता है।

मिष्ठान भण्डारों और दुकानों के सैंपल हुए फेल

गुना। जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा 'मिलावट के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत दीपावली त्योहार के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने लगातार ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है। इसका उद्देश आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। उक्त विशेष जांच अभियान में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा नियुक्त किए गए जांच दल ने इस सीजन में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए जिले में 100 से अधिक मिलावटखोरों की दुकानों से सेम्पल लिए गए। जिनमें से 30 रिपोर्ट विभाग को प्राप्त हो गई हैं उनमें 4 नमूने फेल निकले हैं।

दरअसल मामला ये है कि आए दिन खाद्य पदार्थों, मेवा मिष्ठानों सहित जायका बनाने वाले मसालों में मिलावट की शिकायतें आती रही हैं। उक्त मामले कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के संज्ञान में आने के बाद जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही के लिए संयुक्त टीम गठित की है। उक्त टीम मिलावटखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय है। इस कार्यवाही में शामिल राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम लगातार निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों में मावा, पनीर, दूध, बेसन, मिर्ची, खाद्य तेल एवं नमकीन आदि सैंपलिंग कर रही है। कार्यवाही के दौरान गंदगी और अनियममितता पाए जाने वाले कारखानों के संचालन पर क्रय, विक्रय नहीं करने सहित दुकानों को सील किया गया है।

अमानक पाए जाने पर इनके प्रकरण एडीएम कोर्ट में पहुंचे - जांच दल द्वारा पूर्व में लिए गए सैम्पल जांच में अमानक पाए जाने पर 4 फर्मो के प्रकरण न्यायालय में दर्ज कराए गए हैं। इनमें कुम्भराज स्थित फर्म दीपक रेस्टोरेंट का अवमानक बर्फी का प्रकरण, मधुसूदनगढ़ स्थित फर्म अशोक कुमार नितिन कुमार का मिथ्याछाप नमकीन का प्रकरण, बोहरा मस्जिद गुना स्थित फर्म न्यू राज डेयरी का अवमानक मावा का प्रकरण एवं जिला चिकित्सालय गुना स्थित फर्म रूपा इन्टरप्राइजेज का एक्सपायर्ड मखाना प्रकरण, चंदेल डेयरी गुना, शर्मा डेयरी आरोन के एडीएम कोर्ट में दायर किए गए हैं। विभाग के फूड इंस्पेक्टर रवि शिवहरे और नवीन जैन ने बताया कि ऐसे अवमानक खाद्य पदार्थ बैचने पर अधिकतम पाँच लाख रूपये तक, मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ बैचने पर तीन लाख रूपये एवं एक?सपायर्ड खाद्य सामग्री बैचने पर दो लाख रूपये तक का अर्थदण्ड न्यायालय द्वारा लगाया जा सकता है। कलेक्टर द्वारा नियुक्त टीम में राजस्व अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, तहसीलदार मयंक तिवारी, तहसीलदार आरती गौतम शामिल हैं। इनके मार्गदर्शन में नगरपालिका, नापतौल अधिकारी, श्रम अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही की है। जिले के खाद्य एवं औषधि विभाग को हाल ही में भोपाल से मिले जांच सैंपलों में जिनके नमूने फेल हुए हैं।

बीजनिगम के निर्माणाधीन स्टेडियम में सजा इस बार पटाखा बाजार

गुना। दीपावली पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। त्योहार पर आतिशबाजी के लिए इस बार शहर के बीजनिगम के निर्माणाधीन स्टेडियम परिसर में पटाखा बाजार सजाया गया है। यहां बड़ी संख्या में दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगाई हैं और ग्राहकों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। हालांकि इस बार पटाखा बाजार लगाने की प्रक्रिया में हुई लेटलतीफी का खामियाजा दुकानदारों को भुगतना पड़ा। समय पर बाजार व्यवस्थित नहीं हो पाने के कारण शुरुआती दिनों में उनका कारोबार प्रभावित रहा और उन्हें नुकसान उठाना पड़ा।

पटाखा दुकान लगाने के लिए नगरपालिका के पास इस बार जगह का अभाव होने के कारण दुकानदारों को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा। इस बात को मीडिया कर्मियों ने प्रमुखता से लेते हुए दुकानदारों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यदि समय रहते बाजार की व्यवस्था कर दी जाती तो बिक्री के लिए अधिक दिन मिलते और कारोबार बेहतर होता। हालांकि त्योहार नजदीक आते ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी और जमकर पटाखों की बिक्री हुई। शाम के समय बाजार में विशेष रौनक देखने को मिल रही है। लोग परिवार के साथ पहुंचकर अपनी पसंद और बजट के अनुसार पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। त्योहारों पर आतिशबाजी के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। पटाखे जलाते समय बच्चों को अकेला न छोड़ें और हमेशा बड़ों की निगरानी में ही आतिशबाजी कराएं।

पश्चिम रेलवे

स्पेशल रेलवे प्रोजेक्ट के लिये भूमि अधिग्रहण हेतु रेलवे संशोधन अधिनियम 2008 के अंतर्गत धारा 20(च) की उपधारा 4 के तहत लोक सूचना

एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला उज्जैन तहसील उज्जैन / उज्जैन ग्रामीण के निम्नवर्णित सूचि में उल्लेखित ग्रामों की भूमियों का अर्जन नई खेड़ी से चिंतामण गणेश को जोड़ने वाली नई बीजी उज्जैन बायपास रेलवे लाइन हेतु किया जा रहा है।

क्र. सं.	जिले का नाम	तालुका का नाम	गावं का नाम	सर्वेक्षण संख्या (खसरा न०)	भूमि की प्रकृति	भूमि का प्रभावित क्षेत्रफल हे०	भू-स्वामी का नाम
1	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3250	सिंचित	0.538	प्यारे लाल पिता बसन्तीलाल जाती माली निवासी नर्सिंग घाट उज्जैन
2	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3246/2/2	सिंचित	0.055	प्यारे लाल पिता बसन्तीलाल जाती माली निवासी नर्सिंग घाट उज्जैन
3	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3246/2/1	सिंचित	0.179	प्यारे लाल पिता बसन्तीलाल जाती माली निवासी नर्सिंग घाट उज्जैन
4	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/2/3/2	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.480	मेसर्स रुद्राक्ष इन्फ्रा डेवलपमेंट्स पता बी9/6- महाकाल वाणिज्य केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन द्वारा भागीदार अमित जायसवाल पिता ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीमति गायत्री पति रमाकांत शर्मा,श्रीमति जाग्रति पति उमाशंकर शर्मा, सुश्री गिरिजा पिता कन्हेयालाल शर्मा
5	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/2/1	सिंचित	0.249	श्री राम शिक्षण समिति विनिय आद्रेश हा.से.स्कूल.तिलक मार्ग इंदौर गेट द्वारा शारदा पति शिवनारायण शर्मा नि.इंदौर गेट उज्जैन
6	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/2/2	सिंचित	0.050	केशर सिंह पिता भागीरथ माली
7	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/1/3/2	सिंचित	0.260	लालकुवर बाई पत्नी प्रकाश पटेल पता १७७ यंत्र महल मार्ग जयसिंहपूरा उज्जैन मध्यप्रदेश हिस्सा 3175/6630 जमनालाल पिता किसन हिस्सा 280/6630, सीमा पति किशोर हिस्सा 3175/6630
8	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/1/4/1	सिंचित	0.060	लालकुवर बाई पत्नी प्रकाश पटेल पता १७७ यंत्र महल मार्ग जयसिंहपूरा उज्जैन मध्यप्रदेश
9	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/1/1	सिंचित	0.012	श्रीराम,लक्ष्मण,भरत पिता मागीलाल
10	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3244/1/3/1	सिंचित	0.032	तारा माली पति सोनू माली भूरी पति सिकंदर निवासी 6 भगतसिंह मार्ग उज्जैन
11	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3243	असिंचित	0.171	ओमप्रकाश, पिता बाबूलाल कैलाशचंद्र रमेश, सुरेश मोहन गणपत, पिता बाबूलाल जगदीश, पिता शंकर जमुनाबाई, पिता शंकर झमकूबाई, पिता शंकर नारायण, गोपाल कृष्णा, पिता शांतिलाल, आशा बद्रीलाल, पिता शंकर, बलराम, विनोद पिता कालूराम, ज्योति, किरण मुन्नालाल, पिता शंकर,रुकमणी बाई, पिता शंकर सुनील, राजेश, मनोज पिता चतुर्भुज रूपा पिता
12	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3253/1/1/1/1/2	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.012	मुकेश ठक्कर,गणेश ठक्कर,पिता प्रेमनारायण ठक्कर, निवासी 66न्याय नगर इंदौर
13	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3253/1/1/1/1/2	सिंचित	0.011	आत्माराम गणपत, पिता जयराम कलाबाई बेवा, कन्हैयालाल, पारस पिता, कन्हैयालाल तोलाराम, पिता अंबाराम, मदनलाल जसोदाबाई बेवा, बाबूलाल घनश्याम, राकेश राधेश्याम भारती, पिता मोहनलाल बसंतीबाई, बेवा, मोहनलाल, लालकुंवर बाई बेवा, प्रकाश अर्जुन, विनोद, महेंद्र, रानी पिता प्रकाश जाति माली
14	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/1	असिंचित	0.015	मेसर्स रुद्राक्ष इन्फ्रा डेवलपमेंट्स पता बी9/6- महाकाल वाणिज्य केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन द्वारा भागीदार अमित जायसवाल पिता ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीमति गायत्री पति रमाकांत शर्मा,श्रीमति 1515जाग्रति पति उमाशंकर शर्मा, सुश्री गिरिजा पिता कन्हेयालाल शर्मा
15	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/1/1	सिंचित	0.082	श्रीराम,लक्ष्मण,भरत पिता मागीलाल
16	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/1/2/1	असिंचित	0.030	गीता प्रजापति पति लालचंद प्रजापति, डाली प्रजापति कुलदीप
17	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/1/2/2/1	असिंचित	0.310	केशव पिता लालचंद प्रजापति नि.गुना
18	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/1/2/2/2	असिंचित	0.121	मेसर्स रुद्राक्ष इन्फ्रा डेवलपमेंट्स पता बी9/6- महाकाल वाणिज्य केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन द्वारा भागीदार अमित जायसवाल पिता ओमप्रकाश जायसवाल, श्रीमति गायत्री पति रमाकांत शर्मा,श्रीमति जाग्रति पति उमाशंकर शर्मा, सुश्री गिरिजा पिता कन्हेयालाल शर्मा
19	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/2/4/1	सिंचित	0.040	केशव पिता लालचंद प्रजापति नि.गुना
20	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/2/3	सिंचित	0.010	योगेश पिता नवीनचंद नि. उज्जैन
21	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/2/2	आवासीय (शैक्षणिक)	0.455	अखिल भारतीय नागदा ब्राह्मण समाज उज्जैन
22	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3242/1/2/5	असिंचित	0.120	अखिल भारतीय नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज उज्जैन संचालक आत्माराम पिता राधाकृष्णण पता तोरनेदी धार उज्जैन मध्य प्रदेश निजी संस्था संचालक मोहनलाल 252पिता मनोहरलाल पता खरसोद खुर्द खरसोद खुर्द उज्जैन मध्य प्रदेश निजी संस्था संचालक कैलाशचंद्र पिता भागीरथ पटेल पता उंटवास बडनगर उज्जैन मध्य प्रदेश निजी संस्था संचालक पुरुषोत्तम पिता मोहनलाल पटेल पता बिछडोद घट्टीया उज्जैन मध्य प्रदेश निजी संस्था संचालक नरेन्द्रकुमार पिता गोकुलप्रसाद पता उटवास बडनगर उज्जैन मध्य प्रदेश निजी संस्था संचालक विक्रम पिता बद्रीलाल उपाध्याय पता कोदी बडनगर उज्जैन मध्यप्रदेश निजी संस्था
23	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3259/2/1	सिंचित	0.679	इंदर पिता शिवनारायण, उमा पिता, शिवनारायण गोवर्धन, पिता मूलचंद चंद्र, पिता मूलचंद, जितेंद्र पिता, शिवनारायण, दिनेश पिता, शिवनारायण नागूलाल, पिता मूलचंद परमानन्द, पिता मूलचंद, मोतीलाल पिता, मूलचंद, रमेश, भाई वेवा, शिवनारायण, विनोद पिता, शिवनारायण, विष्णुलाल, पिता, मूलचंद
24	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3203/1	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.069	यशपाल सिंह पिता विजय सिंह ठाकुर नि.मंगरोला
25	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3199/3 & 3206/3	सिंचित	0.085	राकेश पिता ओमप्रकाश महेश पिता भेरुलाल नि.उज्जैन
26	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3199/1/1	सिंचित	0.235	राकेश पिता ओमप्रकाश महेश पिता भेरुलाल नि.उज्जैन
27	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3199/4	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.045	दीपक मेहता पिता बाबूलाल महेता इब्राहिम चायवाला पिता अकबर अली नि.उज्जैन
28	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3201/1	सिंचित	0.6	चंद्र, पिता मूलचंद, जितेंद्र पिता, शिवनारायण, दिनेश पिता, शिवनारायण नागूलाल, पिता मूलचंद परमानन्द, पिता मूलचंद, मोतीलाल पिता, मूलचंद, रेशमबाई वेवा, शिवनारायण, विनोद पिता, शिवनारायण, विष्णुलाल, पिता, मूलचंद
29	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3200/1	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.096	दीपक मेहता पिता बाबूलाल मेहता इब्राहिम चायवाला पिता अकबर अली नि.उज्जैन
30	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3200/2	व्यवसायिक व्यपवर्तित	0.16	दीपक मेहता पिता बाबूलाल मेहता इब्राहिम चायवाला पिता अकबर अली नि.उज्जैन
31	उज्जैन	उज्जैन	उज्जैन कस्बा	3194	सिंचित	0.183	गोविन्द सिंह पिता भवरसिंह नि.उज्जैन
32	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	250/2/3	व्यवसायिक	0.0062	शंकर पिता रमेश चन्द्र, शांता बाई पति रमेशचन्द्र जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
33	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	250/2/2	व्यवसायिक	0.0286	राजेश पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
34	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	250/2/1	सिंचित	0.0304	तेजकरण पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
35	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	259/1/1/2	व्यवसायिक	1.7312	केलाश्चन्द्र पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता उज्जैन भूमि स्वामी
36	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	249/1/1	सिंचित	0.0236	मनोहरलाल पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता उज्जैन भूमि स्वामी
37	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	260/2	व्यवसायिक	0.1190	संजय पिता केलाश्चन्द्र जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
38	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	260/1/2/2	व्यवसायिक	1.1782	अशोक पिता रमेशचन्द्र जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन जवासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
39	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	261	सिंचित	0.3031	श्री ओकारेश्वर महादेव मंदिर स्थित महाकालेश्वर उज्जैन भूमि स्वामी
40	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	262	सिंचित	0.1164	श्रीराम मंदिर स्थित ग्राम भूमि स्वामी
41	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	249/1/2	सिंचित	0.0084	तेजकरण पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता उज्जैन
42	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	260/3/1	व्यवसायिक	1.3582	कैलाशचंद्र पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन वासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
43	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	249/2	सिंचित	0.0097	कैलाशचंद्र पिता सीताराम जाति ब्राह्मण पता चिन्तामन वासिया उज्जैन मध्यप्रदेश भूमि स्वामी
44	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	586	सिंचित	0.0317	मानसिंह पिता निर्भयसिंह
45	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	612	सिंचित	0.1864	रामकुवर बाई पति करण सिंह
46	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	613	सिंचित	0.7966	रामकुवर बाई पति करण सिंह
47	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	616	सिंचित	0.0131	रामकुवर बाई पति करण सिंह
48	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	615	सिंचित	0.1301	रामकुवर बाई पति करण सिंह
49	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	614	सिंचित	0.0628	रामकुवर बाई पति करण सिंह
50	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	657	सिंचित	0.1980	रामकुवर बाई पति करण सिंह
51	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	658/1	सिंचित	0.9176	करण सिंह पिता भवरसिंह
52	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	658/2	सिंचित	0.0210	सोभाग्य सिंह पिता सजन सिंह
53	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	656	सिंचित	0.0008	करण सिंह पिता भवरसिंह
54	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	664/mi.1	सिंचित	0.1116	सोभाग्य सिंह पिता सजन सिंह
55	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	661	सिंचित	0.3283	सीता पति टीकम सिंह
56	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	659	सिंचित	0.0547	सोभाग्य सिंह पिता सजन सिंह
57	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	660	सिंचित	0.5005	सोभाग्य सिंह पिता सजन सिंह
58	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	671/1/1	सिंचित	0.3810	जीवन सिंह पिता नाथू सिंह
59	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	671/1/2	सिंचित	0.3320	महेंद्र सिंह पिता सजन सिंह
60	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	671/2	सिंचित	0.0659	महेंद्र सिंह पिता सजन सिंह
61	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	671/3/1	सिंचित	0.0329	अशोक पिता नाथू सिंह
62	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	671/3/2	सिंचित	0.3410	जीवन सिंह पिता नाथू सिंह
63	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	673	सिंचित	0.9301	शंकर श्रीपाद पिता अनन्तराय
64	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	672	सिंचित	0.0918	श्रीराम मंदिर स्थित ग्राम भूमि स्वामी
65	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	674	सिंचित	2.5523	श्रीराम मंदिर स्थित ग्राम भूमि स्वामी
66	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	675	सिंचित	0.1061	श्रीराम मंदिर स्थित ग्राम भूमि स्वामी
67	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	6	सिंचित	1.410	चंद्रबाई पद्मबाई, पिता मूलचंद, रेशमबाई, पति शिवनारायण, दिनेश इंदर, जितेंद्र विनोद, उमाबाई, पिता शिवनारायण, विष्णु नामुलाल गोवर्धनलाल, मोतीलाल पिता, मूलचंद निवासी जयसिंहपुरा, उज्जैन भू-स्वामी
68	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	9	सिंचित	0.249	जगदीश बद्रीलाल, मुन्नालाल शांतिलाल बसंताबाई, झमकूबाई जमनाबाई रुकमणीबाई पिता शंकरलाल निवासी उज्जैन, भूस्वामी
69	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	11	सिंचित	0.105	जगदीश बद्रीलाल, मुन्नालाल शांतिलाल बसंताबाई, झमकूबाई जमनाबाई रुकमणीबाई पिता शंकरलाल निवासी उज्जैन, भूस्वामी
70	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	15/1	सिंचित	0.534	शिवनारायण प्रेमनारायण, पिता मदनलाल, प्रीति बेबा, गोपाल, आकाश, पिता गोपाल अमन नाबालिग पिता गोपाल स.प्र,माता प्रीति बेवा, गोपाल निवासी उज्जैन भू-स्वामी
71	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	13/2	आवासीय	0.687	बाबूलाल पिता भेरुलाल नि.चिन्तामन जवासिया
72	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	13/3	आवासीय	0.649	बाबूलाल पिता भेरुलाल मनीष पिता बाबूलाल नि.चिन्तामन जवासिया
73	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	13/4	सिंचित	0.39	कन्हेयालाल, बाबूलाल, हीरालाल, पिता भेरुलाल नि.चिन्तामन जवासिया
74	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	दाउद खेड़ी	13/5	सिंचित	1.145	कृष्णा वेवा हीरालाल , रविन्द्र, सुनीता,सरिता,चित्रा,पिता हीरालाल नि.उज्जैन भू.स्वामी
75	उज्जैन	उज्जैन ग्रामीण	चिंतामण जवासिया	254	सरकारी	0.0027	कला बाई पति बगडुलाल हरीलाल पिता रोडु लाल संजय सीसोदिया पिता बगददुलाल रामु बाई पति रोडु लाल भागीरथ पवार पिता रोडु लाल
76	उज्जैन	उज्जैन	मोहनपुरा	474/3	सरकारी	0.0412	मंजू बाई पति पप्पू बंजारा अनु बाई पति पप्पू बंजारा प्रभुलाल पिता बाबूलाल बंजारा सुमन पति मोहन लाल संजय पिता मन गुरु गोपाल पिता देवी सिंह लीला बाई पति बद्रीलाल रामसिंह पिता सोभा बंजारा दिनेश पिता केलाश परभू पिता भेरू सिंह तोलाराम पिता भेरू सिंह प्रह्लाद पिता भेरू सिंह जसोदा बाई पति नाथु जी

अत: उपरोक्त उल्लेखित भूमि की विशिष्टियों सें संबंधित सभी हितों की प्रकृति के लिये दावें/ आपत्तियां यदि कोई हो तों दिनाकं 20.11.2026 को कार्यालीन समय में अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी उज्जैन ग्रामीण जिला उज्जैन के न्यायालय में पेश करें।

0797

अनुविभागीय एवं भू अर्जन अधिकारी (राजस्व) उज्जैन

न्यूज-कॉलम

रतलाम आबकारी विभाग का अवैध शराब विक्रेताओं पर शिकंजा

रतलाम। जिला रतलाम के वृत परगना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों–पंचड़, इसरथूनी और नामली (शगुन ढाबा के आसपास)–में अवैध मदिरा विक्रयकताओं के विरुद्ध आबकारी विभाग का कार्रवाई अभियान लगातार जारी है।आबकारी आयुक्त विकास मण्डलोई के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश केरवार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आज (6 नवंबर 2026) छापामार कार्रवाई की गई। रतलाम परगना उपनिरीक्षक अर्पित पाण्डेय द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं के ठिकानों पर विधिवत तलाशी ली गई।कार्रवाई के दौरान अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत कुल ३ प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त की गई मदिरा की कुल अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार बताई जा रही है।आज की इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अर्पित पाण्डेय के साथ प्रधान आरक्षक संतोष नेका, भावना खोड़े एवं नगर सैनिक चेतराम मालवीय शामिल रहे। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

रतलाम में 3 साल से फरार 12 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

रतलाम। रतलाम। राज्य स्तरीय "एंटी नारकोटिक्स विशेष अभियान" के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना स्टेशन रोड और बिलपांक पुलिस की संयुक्त टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे 12 हजार रुपये के इनामी आरोपी को वडोदरा (गुजरात) से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पन्द्रो और अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

अज्ञात कारणों के चलते मोबाइल एवं पास की दुकान में अचानक आग लगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



नगर की जैन मंदिर गली में स्थित हर्ष मोबाइल की दुकान पर शनिवार प्रातः लगभग ६ बजे अज्ञात कारणों के चलते मोबाइल एवं पास की दुकान में अचानक आग लग गई जिससे महंगे मोबाइल एवं एसेसरीज एवं कीमती सामान जल कर राख हो गये।नगर परिषद की फायर फाइटर,एवं पानी के टैंकर ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।दुकान मालिक राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया की आगजनी से 15 से 20 लाख रुपये का भारी नुकसान हुवा है,वही दुकान की दीवारें भी क्षतिग्रस्त होगई है।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा भी सूचना मिलने पर मौके पहुंचे एसडीएम एवं तहसीलदार को घटना से अवगत करवाकर पर्याप्त आर्थिक सहायता की मांग की।

इसी प्रकार शुक्रवार की देर शाम पिपलीया विश्नया में दिनेश प्रभुलाल राठी नई आबादी के मकान में भी अज्ञात कारणों से मकान में आग लग गई जिसमे १ लाख रुपये नगदी,२ सिलाई मशीन के अलावा घर का सारा सामान जलकर स्वाहा होगया सूचना पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा भी पिपलीया विश्नया पहुंचे व पीड़ित दिनेश राठी से चर्चा की राठी ने रोते हुवे बताया कि 5 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुवा है।मे गांव में ही सिलाई करके परिवार चलाता हु खेती बिल्कुल नही है दीपावली के 70, 80 जोड़ तैयार कपड़े की ड्रेस एवं अन्य कपड़े जो सिलाई के लिए रखे थे सारे जल कर राख होगये बेटे दीपक की शादी 20 अप्रैल 2026 को हुई थी शादी का सारा सामान एवं 1 लाख रुपया नगदी भी जल गया में पूरी तरह बर्बाद होगया।कांग्रेसनेता अनिल शर्मा एवं विजेश मालेचा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी,तहसीलदार पंकज जी जाट से चर्चा की इस पर से कस्बा पटवारी पिंकी जी अहीर भी मौके पहुंची व पीड़ित परिवार से चर्चा कर मौके का पंचनामा बनाया। मालेचा एवं शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि आगजनी में मकान क्षतिग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री आवास में पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता देना चाहिए।आरबीसी की धारा में प्राकृतिक आपदा, आगजनी में नुकासानी के पर्याप्त राशि की हो व्यवस्था

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने बताया कि वर्तमान में आरबीसी की धारा में प्राकृतिक आपदा या आगजनी से हुवे नुकासानी का मुआवजा ऊंट के मुंह मे जीरे के समान है लाखो रुपये के नुकसान होने पर 12 हजार रुपये के अंदर ही पीड़ित परिवारों को राशि मिलती है।इस धारा में भी परिवर्तन कर पर्याप्त मुआवजे की व्यवस्था होनी चाहिए। इस मौके पर किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार कांग्रेसनेता परमान्द पाटीदार,मोतीलाल पाटीदार,रमेश पाटीदार,सुरेश सोलंकी,राहुल डांगी,हरिदास बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

न्यूज कालम



महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा छोटे व्यापारियों को मिठाई वितरण की

पिपलिया मंडी। महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर नगर के मुख्य मार्ग पर व्यवसायरत छोटे व्यापारियों को मिठाई वितरण कर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। सभी के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए सभी परिवारों की उन्नति की कामना करते हुए संस्था ने यह आयोजन किया। संस्था के सदस्यों ने नगर के मुख्य मार्ग पर दुकान लगाकर व्यवसाय करने वाले छोटे-छोटे व्यवसायियों के पास जाकर उन्हें मिठाई भेंट की और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। छोटे व्यापारियों ने भी संस्था के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक वीरेंद्र राणावत, अध्यक्ष डॉ. प्रकाश जैन, पूर्व नप अध्यक्ष राजू पंडित, वरिष्ठ समाजसेवी रूपचंद होतवानी, जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा, वरिष्ठ पार्षद ललित बंबोरिया, विश्व सिंधु सेवा संगम जिला अध्यक्ष शंकरलाल हरजानी, सुरेश हरजानी, विष्णु अग्रवाल, दिनेश पाटीदार, अशोक संघवी, मुकेश निडर सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नगर की व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान सीएमओ ने ठेला व्यवसायियों को व्यवस्थित जगह बिठाया



पिपलिया मंडी। नगर की व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान सीएमओ श्री सेन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के आगे बैठे ठेला व्यवसाई को वहां से हटाकर व्यवस्थित जगह पर बिठाया। सीएमओ श्री सेन के साथ लेखापाल महावीर जैन सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस दौरान सीएमओ ने नगर के मुख्य मार्ग पर बैठे छोटे व्यापारियों की दुकानों का जायजा लिया और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित न हो और प्रतिमा स्थल की गरिमा बनी रहे, इसके लिए सभी ठेला व्यवसाई व्यवस्थित जगह पर ही व्यवसाय करें।

जेएमडी पैलेस रतलाम बड़े समारोह तथा आयोजनो के लिए बना आकर्षण का केंद्र

सुविधा और सेवा का सार्थक समागम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर में जब भी भव्य शादी समारोह और शाही अंदाज में होने वाले आयोजनों की चर्चा होती है, तो सागोद रोड के जे एम डी पैलेस का नाम प्रमुखता से सामने आता है।

खूबसूरत परिसर, भव्य आयोजन स्थल और आकर्षक साज-सज्जा के लिए पहचान बना चुका जे एम डी पैलेस अब अपनी एक नई खासियत के साथ लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहां अब वैवाहिक आयोजनों के साथ ही परिवार के साथ सुकून भरा समय बिताने और लग्जरी हॉस्पिटैलिटी का अनुभव लेने का अवसर भी मिल रहा है।

डेस्टिनेशन के रूप में इसे विकसित किया है, जहां आयोजन की भव्यता के साथ मेहमानों के आराम और ठहरने की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

शानदार सुविधाएं, हर पल को खास बनाने की तैयारी

जे एम डी पैलेस की खासियत इसका आकर्षक और भव्य परिसर है। यहां आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कमरे, खूबसूरत इंटीरियर और वेल-अपडेटेड बाथरूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में स्विमिंग पूल की सुविधा भी है, जहां मेहमान अपने परिवार के साथ सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। शहर की भागदौड़ से कुछ समय निकालकर आराम दायक माहौल में वक्त बिताना हो या परिवार और दोस्तों के साथ खास अवसर सेलिब्रेट करने के लिए उचित स्थान है

जे एम डी पैलेस में भव्य लॉन, आकर्षक बैंक्वेट हॉल और शानदार आयोजन व्यवस्था के चलते यह विवाह समारोह, रिसेप्शन, सगाई, पारिवारिक समारोह और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए भी एक प्रमुख डेस्टिनेशन है। यहां आउटडोर और इनडोर दोनों तरह के आयोजनों की व्यवस्था उपलब्ध है।

खास बात यह है कि शादी में शामिल होने वाले मेहमानों के ठहरने की सुविधा भी परिसर में ही मिलने से आयोजन करने वाले परिवारों को अतिरिक्त सहूलियत मिलती है। इस तरह एक ही परिसर में समारोह, मेहमाननवाजी और ठहरने की व्यवस्था का अनुभव मिलता है।



प्राचीन श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में नवीन पोशाक एवं ध्वजा समर्पित कर की महाआरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

दीपावली महापर्व के पावन अवसर पर जिला धार्मिक उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर के लगभग पांच सौ वर्ष से अधिक प्राचीन श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री लक्ष्मी-नारायण को नवीन पोशाक और पावन ध्वजा समर्पित कर भव्य महाआरती की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत नयापुरा रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई जिसके बाद ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और भगवान के जयघोषों के साथ एक विशाल धार्मिक यात्रा निकाली गई।

श्रद्धालु हाथों में पावन ध्वजा थामे भक्तिमय माहौल में श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर दशरथ भाईजी शर्मा, स्वामी मृत्युंजय चैतन्य महाराज, शैलेश उपाध्याय, अनीता दीदी, विनोद मेहता, ब्रजेश जोशी, विनय दुबेला, बंशीलाल टांक सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कमलेश जैन ने किया और आभार जिला धार्मिक उत्सव समिति के अध्यक्ष वदीचंद कुमावत ने माना।

महिला मंडल भजनों से कर रहा भक्तिमय वातावरण

खंडवा। कार्तिक मास में प्रातः स्नान, पूजा-पाठ और भगवान के दर्शन का विशेष धार्मिक महत्व है। कार्तिक मास में कई बड़े त्यौहार भी आते हैं। इस माह में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इसी परंपरा के चलते शहर के घंटाघर के समीप प्राचीन श्री विट्ठल मंदिर में इन दिनों सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

नीमच के हा.से.स्कूल मैदान में सजा पटाखा बाजार

बच्चों, बड़ों की भीड़ ग्राहकी से पटाखा बाजार में उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर में बीते एक सप्ताह से दीपावली की रौनक बाजारों में दिखने लगी है द्य दीपावली के पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल परवान चढ़ने लगा है। शहर के हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में लगाए गए भव्य पटाखा बाजार को सजे हुए आठ दिन हो चुके हैं। पिछले तीन-चार दिनों से इस अस्थायी बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिसमें बच्चों से लेकर बड़े तक सभी शामिल हैं। इस रौनक से व्यापारियों और दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं, और उन्हें बेहतरीन व्यवसाय का अच्छा प्रतिफल मिल रहा है।

स्कूल मैदान में सजे इस पटाखा बाजार में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के बीच कई नामी दुकानें और होलसेल काउंटर सजे हैं। तस्वीर में नजर आ रहे प्रमुख प्रतिष्ठानों जैसे 'छगनलाल मुकुंदकुमार चीताखेड़ा वाले', 'धाकड़ पटाखा सेंटर' (दुकान नं. 71, 72), 'बाब्बू पटाखा सेंटर' (दुकान नं. 69), 'नागदा पटाखा सेंटर', 'कपिल गोयल होलसेल' और 'मुर्गा छाप पटाखे,सागर पटाखा' आदि 100 से अधिक दुकानों पर खरीदारों का तांता लगा हुआ है। रंग-बिरंगे बोर्ड, झंडे और तेज रोशनी से जगमगाता यह मैदान इन दिनों शहरवासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।बाजार में इस बार विभिन्न प्रकार के फैंसी पटाखे, गंगा जमुना सुतली बम रॉकेट जैसे आतिशबाजी, फुलझड़ियां, स्काई शॉट और बच्चों के पसंदीदा कम आवाज वाले और रंगीन उत्पाद उपलब्ध हैं। पिछले कुछ दिनों से शाम ढलते ही शहरवासी अपने परिवारों के साथ यहां पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने को मिल रहा है, जो अपनी पसंद के पटाखों की खरीदारी में जुटे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि इस साल बाजार की शुरूआत से ही ग्राहकों का अच्छा रुझान देखने को मिला है। पिछले तीन-चार दिनों में बिक्री में जबरदस्त तेजी आई है, जिससे उन्हें उम्मीद से बेहतर मुनाफा मिल रहा है। त्योहारी सीजन के इन अंतिम दिनों में व्यापार के और अधिक जोर पकड़ने की उम्मीद है, जिससे व्यापारियों में खासा उत्साह है।

मंदसौर को मिली आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात, डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत नगर को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

स्व. रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल की स्मृति में सुशीला देवी गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से डिजिटल मैमोग्राफी मशीन और अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस स्थापित की गई है। इसके साथ ही अभय अभिषेक मेहता परिवार, शैलेंद्र पारसमल मट्ठा परिवार, ईश्वर रामचंद्र रामचंदानी और विवेक संपतलाल बोरदिया परिवार के सहयोग से प्राप्त चार नवीन डायलिसिस मशीनों का भी लोकार्पण किया गया। इन स्वास्थ्य सुविधाओं के शुरू होने से मंदसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

समारोह में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, विधायक विपिन जैन, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, दानदाता परिवार के प्रमुख प्रदीप गनेड़ीवाल और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर सुशील मल्होत्रा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में गनेड़ीवाल परिवार की सामाजिक सरोकारों और आपदा के समय निभाई गई अग्रणी भूमिका की सराहना की।

दीपावली की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
creating ways
SANWARIYA CONSTRUCTION
INFRA TECH LIMITED

सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर बाजारों में की स्वदेशी खरीदी

मंदसौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद सुधीर गुप्ता भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ मंदसौर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी करने निकले। इस दौरान उन्होंने गांधी चौराहा, बस स्टैंड, भारत माता चौराहा और घंटाघर क्षेत्र के बाजारों में पहुंचकर स्थानीय दुकानदारों से विभिन्न वस्तुओं की खरीदी की। सांसद गुप्ता ने स्थानीय कारीगरों



को प्रोत्साहित करते हुए मिट्टी के दीपक, झाड़ू, मोरपंख, देवी-देवताओं की तस्वीरें और अन्य पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल केवल एक अभियान नहीं है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और छोटे व्यापारियों एवं कारीगरों को सशक्त करने का माध्यम है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, निरांत बग्गा, आदित्य मरोठिया, बंशी राठौर, पियूष जैन, मनोज जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सब्जी मंडी के मामले में हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

रतलाम,। शहर के काशीनाथ का नोहरा क्षेत्र में प्रस्तावित सब्जी मंडी के निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए संबंधित अनावेदकों को नोटिस जारी किए हैं तथा मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत शर्मा एवं अधिवक्ता उत्कर्ष राजपुरोहित ने उच्च न्यायालय के समक्ष पैरवी की। याचिका में प्रस्तावित स्थल की उपयुक्तता, क्षेत्र की संकरी सड़कों, यातायात, पार्किंग एवं स्वच्छता संबंधी संभावित समस्याओं को उठाया गया है।

दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एक लाख पुरस्कार, 9 नवंबर को होगा सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से संचालित गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत नीमच जिले के तीन चयनित वृंदावन ग्रामों में दुग्ध दोहन प्रतियोगिता आयोजित की गई। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को अब एक लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत नीमच जिले की प्रतियोगिता आयोजित हुई । प्रत्येक ग्राम में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को गोवर्धन पूजन कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जावद विकासखंड की नारायण गौशाला, कछाला में विधायक श्री ओमप्रकाश सकलेचा, नीमच विकासखंड की वृंदावन गौशाला,चल्दू में विधायक दिलीप सिंह परिहार तथा मनासा की गोवर्धन गौशाला में विधायक अनिरुद्ध माधव मारू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होंगे।इन अवसरों पर जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जिले वासियों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
* अरुल अशोक अरोरा (गंगानगर)नीमच
Arularora official. Arul Arora

ARIHANT GROUP
विक्रम ZIBOR
अरिहंत ग्रुप की ओर से आपको दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं!
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
अरिहंत फर्टिलाइज़र एंड केमिकल्स इंडिया लिमिटेड
फैक्टरी: ग्राम - कनावटी, नीमच (म.प्र.) 458441
पंजीकृत कार्यालय: 119, बंसी ट्रेड सेंटर, 581/5, एम.जी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452001

सरस्वती शिशु मंदिर में विधि-विधान से हुआ लक्ष्मी पूजन

सुसनेर। नवीन बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में दीपावली पर्व के अवसर पर मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया गया। इसके साथ ही वाहन पूजन एवं रोकड़ पूजन भी विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। पूजन बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष मुकेश हरदेनिया, व्यवस्थापक अशोक श्रीवास्तव एवं प्राचार्य नारायण कुंभकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेवक-सेविकाओं का सम्मान भी किया गया। सभी ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

व्यवसाय में वृद्धि समृद्धि देने वाले उपकरणों का किया पूजन

महिदपुर रोड। शुक्रवार को धनतेरस पर नगर के निजी चिकित्सकों ने जहां आरोग्य तथा स्वास्थ्य के दाता भगवान धन्वंतरि की की पूजा अर्चना कर सभी के आरोग्य तथा स्वस्थ रहने की कामना की वहीं व्यापारियों ने अपने तोल कांटे तथा व्यापार व्यवसाय क्षेत्र संबंधित अन्य उपकरणों की पूजा अर्चना की। निजी चिकित्सक डॉक्टर बी राठौर, डॉ राहुल सौलंकी, डॉ दिनेश यादव, तथा अन्य निजी चिकित्सकों के चिकित्सालयों में स्टाफ की उपस्थिति में विधिवत रूप से भगवान धमतरी की पूजा अर्चना कर उनसे सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। वही दूसरी और नगर के टिंबर मर्चेंट व्यापारियों किराना व्यापारियों गवर्नमेंट सर्विस इलेक्ट्रॉनिक सामान का विक्रय करने वाले इलेक्ट्रॉनिक शॉप संचालकों द्वारा भी शुभ मुहूर्त में भगवान धन्वंतरि तथा धन के देवता कुबेर की पूजा अर्चना की।

पहली बार पधारेंगे बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना

सुसनेर। दाऊदी बोहरा समाज के सर्वोच्च धर्मगुरु परम आदरणीय डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब का पहली बार सुसनेर नगर में आगमन प्रस्तावित है। उनके शुभ आगमन की सूचना से बोहरा समाज सहित नगरवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इसी खुशी में बोहरा समाजजनों ने नगर में पहली बार अपने धर्मगुरु के आगमन की तैयारियों को लेकर सुसनेर बोहरा समाज जन तैयारी में लग गया हे समाज जनों की तैयारी के संबंध में एक मिटींग बोहरा मस्जिद में हुई है समाज में धर्मगुरु के आगमन को लेकर बहुत हर्ष है।

धनतेरस पर बरसा वैभव करोड़ों का कारोबार

पर्व का उत्साहः इलेक्ट्रॉनिक, सराफा, कपड़ा, वाहन व बर्तन बाजार में जमकर खरीदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर शुक्रवार को बाजारों में जमकर धन बरसा। इलेक्ट्रॉनिक, सराफा, कपड़ा, वाहन व बर्तन बाजार में जमकर खरीददारी हुई और बाजारों में करीब करोड़ों का कारोबार हुआ। सुबह से शुरू हुआ खरीददारी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। सुबह बाजार खुलने के बाद जैसे-जैसे समय बढ़ता गया बाजार में रौनक बढ़ती गई। दोपहर 12 बजे के बाद दुकानों पर अच्छी भीड़ दिखी। धानमंडी, सुभाष रोड, गांधी चौक, महावीर मार्ग, महाराणा प्रताप चौक, शिवाजी रोड आदि बाजार में पैदल निकलना ही मुश्किल हो रहा था। मुहूर्त के समय के अनुसार ही अपने वाहन शोरूम से बाहर निकाले। बर्तन बाजार में चम्मच, कटोरी, गिलास आदि की खूब खरीददारी हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। शहर के कई हिस्सों में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

पर्व के पहले दिन धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, कुबेर की पूजा की और यम को दीप दान किया। रात्रि में बाजार रंग बिरंगी झालरों और पंडालों से सजा दिए गए। महिलाओं और बच्चियों ने घरों के बाहर दीप जलाए और आकर्षक रंगोली बनाई। बच्चों ने आतिशबाजी की।

4 करोड़ के बिके वाहन

धनतेरस पर सबसे अधिक वाहन बाजार गुलजार रहा। लोगों ने शुभ मुहूर्त के चक्कर में वाहनों की एडवांस बुकिंग करा रखी थी। सुबह होते ही वाहन शोरूमों पर कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए दिखे। दो पहिया, चार पहिया, ट्रैक्टर वाहन भी बड़ी संख्या में बिके। वाहनों की एडवांस में बुकिंग थी। माना जा रहा है कि वाहनों की बिक्री चार करोड़ तक रही। बर्तन बाजार ऐसा बाजार था जहां पर दस रुपये से लेकर दस हजार तक का सामान बिका। सभी लोगों ने धनतेरस पर कोई न कोई बर्तन जरुर खरीदा। बर्तन बाजार में फैन्सी गिलास, कटोरी, मग, थाली, बाल्टी सहित अन्य क्रॉकरी की बिक्री हुई। लोगों ने सुबह से ही दुकान पर पहुंचकर बर्तनों की खरीद की। व्यापारी ने बताया कि पूरे नगर में बर्तनों की लाखो रुपए की बिक्री हुई है।

सराफा बाजार में भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, चांदी का सिक्का, डॉलर, पायल, बिछिया से गुलजार रहा। अधिकतर ग्राहकों ने इस दिन सोने की अपेक्षा चांदी का सामान अधिक खरीदा।

लाखों का रहा इलेक्ट्रॉनिक बाजार

वाहन खरीद के बाद दूसरे नंबर पर इलेक्ट्रॉनिक बाजार ने धूम मचाई। दुल्हन की तरह सजी दुकानें ग्राहकों का इंतजार कर रही थी। शोरूम मालिकों ने चाय-नाश्ता कराकर लोगों को सामान दिया। इस बाजार में ऑफरों की झड़ी लगी थी। टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, गीजर, एलईडी सहित अन्य उत्पादों पर मोबाइल, प्ले किट, मिठाई आदि सामान दिए जा रहे थे। पहले लोगों ने इनको स्टार्ट करके देखा।



त्योहारी सीजन में आबकारी विभाग सख्त, दुकानों व ढाबों की सघन चेकिंग

बड़नगर। त्योहारी सीजन को देखते हुए आबकारी विभाग ने तहसील में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के नेतृत्व में बड़नगर आबकारी वृत्त प्रभारी आकांक्षा गढ़वाल ने क्षेत्र की शराब दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में स्टॉक, बिल, लाइसेंस, सील व मदिरा की गुणवत्ता की जांच की गई। अधिकारियों ने दुकान संचालकों को निर्देश दिए कि मानक मदिरा ही विक्रय करें, ओवर रेटिंग न करें और निर्धारित समय पर ही दुकान खोलें-बंद करें। इस दौरान स्वयं तथा सेल्समेन के माध्यम से ग्राहकों को अमानक व अवैध मदिरा का सेवन न करने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अमानक मदिरा स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, इससे बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना विभाग को दें। इसके साथ ही क्षेत्र के ढाबों की भी सघन चेकिंग की गई। ढाबा संचालकों को अवैध रूप से मदिरा पिलाने व बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

त्योहारों पर सुरक्षा की दृष्टि से शांति समिति के बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

आगामी दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर थाना भौरासा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें एसडीएम आनंद मालवीय, एसडीओपी राहुल खरे, तहसीलदार जागृति जाटव, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जाय सिंह राणा अंजुमन सदर आफताब आलम खान, वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव सहित पार्षदगण, एल्डरमैन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में दीपावली एवं पड़वा पर निकलने वाले पारंपरिक जुलूस को लेकर चर्चा हुई। प्रशासन ने पुरानी परंपराओं को पूरे सम्मान के साथ निभाने में सहयोग का आश्वासन दिया, लेकिन जुलूस में एक-दूसरे पर बम-पटाखे फेंकने पर प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी राहुल खरे ने गौमाता के पूजन एवं सम्मान के साथ जुलूस निकालने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी अनीता सिंह ने जुलूस शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से निकालने तथा विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होने देने की विशेष अपील की।सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस एवं प्रमुख क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।



त्यौहार शांतिपूर्ण मनाए

महिदपुर रोड । रविवार 8 नवंबर को दीपावली पर कानून व्यवस्था को लेकर विधायक जैन ने विधायक निवास पर नगर थाना प्रभारी सहित स्टाफ को आमंत्रित कर दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वाता वरण में संपन्न कराने के संबंध में चर्चा की तथा थाना प्रभारी व स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये।

दीपावली पर्व की जन जन को
हार्दिक शुभकामनाएँ
(तृप्ति सेवा समिति द्वारा संचालित)
दीप्ती मेमोरियल इंग्लिश एवं ग्रीनफील्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल
158, देवास रोड, नागझिरी, उज्जैन
कामर्स, मैथ्स का विशेष शिक्षण
प्राचार्य - अरुण अवाड़

दीपावली पर्व पर हार्दिक अभिनन्दन
विश्वकर्मा सॉ मिल्स एण्ड ट्रेडर्स
संतोष विश्वकर्मा
शुभम अशोककुमार धनेशा
शटरिंग प्लायवुड एण्ड वुडन
सौजन्य से- विश्वकर्मा कृषि फार्म मानपुरा, जिला उज्जैन (म.प्र.



ग्राम पंचायत चन्देसरा, कुंवारिया के पंच, ग्रामीणों एवं स्नेहीजनों को
श्री पदमसिंह आंजना
श्री पदमसिंह आंजना (सरपंच ग्राम पंचायत चंदेसरा, कुंवारिया)
श्री संजय पटेल सदस्य विश्व हिन्दू परिषद
पटेल परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से- आंजना मित्र मण्डल एवं गणमान्य नागरिक चंदेसरा



ग्राम पंचायत चन्देसरी, प्रेमनगर, नयापुरा के पंच, ग्रामीणों एवं स्नेहीजनों को
ज्योति पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामना
डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
श्री सतीश मालवीय विधायक घट्टिया क्षेत्र
श्री अनिल फिरोजिया सांसद (उज्जैन- आलोट)
श्री सन्तोष मण्डोर (सरपंच ग्राम पंचायत चंदेसरी)
हुकमसिंह सोलंकी सचिव
राजेश मालवीय सहसचिव
श्रीमती शारदाबाई उपसरपंच
सौजन्य से- मण्डोर मित्र मण्डल चन्देसरी।

उज्जैन नगर निगम के वार्ड क्र. 54 के मतदाताओं, स्नेहीजनों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामना
डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. शासन
श्री मुकेश टटवाल महापौर
श्रीमती कलावती यादव, सभापति
श्रीमती सुमन-बाबूलाल वाघेला (पार्षद)
सौजन्य से- वाघेला मित्र मंडल हामूखेड़ी, उज्जैन

A quality product from PAN BAHAR

PAN BAHAR

रोशनी हो हर दिल में
आओ खुशियां मनाएं मिल के
शुभ दीपावली



CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH.

NO TOBACCO NICOTINE

पहचान कामयाबी की

TOLL FREE NO.: 1800 257 2258 | www.panbahar.in

न्यूज कॉलम

दीपावली पर सफाई नहीं होने की शिकायत

धार। धार शहर में दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। कई क्षेत्रों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहे। इसको लेकर कांग्रेस जिला प्रवक्ता अजय सिंह ठाकुर ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है। अजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका के 30 वार्डों में 258 कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि करीब 40 अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग स्थानों पर बताई जा रही है।

अदरक के दाम 50 से बढ़कर 200 रुपए किलो हुए

मनावर। मनावर में त्योहारी सीजन के बीच शनिवार को प्याज के दाम 50 से 60 रुपए किलो तक पहुंच गए। खुदरा और हाट बाजार में थोक मंडी के मुकाबले कीमतें ज्यादा हैं। मौसम बदलने के साथ हरी सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं। कई सब्जियां दोगुने से तीन गुने दाम पर बिक रही हैं। अदरक के दाम में सबसे ज्यादा तेजी आई है। कुछ दिन पहले तक 50 रुपए किलो बिकने वाला अदरक अब 200 रुपए किलो तक पहुंच गया है। प्याज और अदरक के दाम बढ़ने से परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ रहा है।

झाबुआ के तारखेड़ी में आग से दो दुकानें जली

झाबुआ। झाबुआ जिले की पेटलावद तहसील के तारखेड़ी गांव में शुक्रवार रात करीब 8 बजे आग लग गई। आग से कपड़े की दुकान और ऑटो पार्ट्स गैरेज जलकर राख हो गए। पास के एक अन्य गैरेज को भी नुकसान पहुंचा। ये दुकानें अंबालाल पिता नाथु घाटिया की थीं। पास का गैरेज ओंकार पिता पूंजा मंगरोलिया का है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग की सूचना पर झकनावदा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

तीन मिठाई दुकानों से खाने-पीने के 7 सैंपल लिए



खाद्य सुरक्षा और नापतौल विभाग की संयुक्त जांच, सभी नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजे

झाबुआ। त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए झाबुआ में जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा और नापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने राणापुर की तीन मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाने-पीने की चीजों के 7 नमूने लिए। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देशन में हुई कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह अलावा और वेलसिंह मोरी, नापतौल निरीक्षक सचिन चौहान और सहायक नापतौल संजय पांचाल शामिल थे। टीम ने श्री लक्ष्मी केटरिंग से गुलाब जामुन और नमकीन चना दाल के नमूने लिए। नरसिंह महाराज नमकीन से पेड़ा, सादी बर्फी, अंजीर बर्फी और मथुरा पेड़ा के नमूने लिए गए। नवकार स्वीट्स एंड नमकीन से गुलाब जामुन का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को गुणवत्ता और शुद्धता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। नापतौल विभाग ने विधिक माप-विज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत दुकानों में इस्तेमाल हो रहे तौल उपकरणों की जांच की। अधिकारियों ने मिठाइयों के वजन और मात्रा का भी मिलान किया।

नैनो न्यूज

- **धनतेरस पर इंदौर में 1070 करोड़ का कारोबार-** धनतेरस पर इंदौर के बाजारों में लगभग 1070 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। ऑटोमोबाइल, सराफा और प्रॉपर्टी सेक्टर सबसे आगे रहे। वाहन कारोबार में करीब 400 करोड़ रुपये का व्यापार दर्ज हुआ।
- **राजवाड़ा बाजार दीपावली तक नो-व्हीकल जोन-** दीपावली की खरीदारी को देखते हुए राजवाड़ा और आसपास के प्रमुख बाजारों में दोपहिया वाहनों की एंट्री भी प्रतिबंधित करने की तैयारी है। ग्राहकों की भीड़ के लिए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था बनाई है।
- **वाहन कारोबार में रिकॉर्ड डिलीवरी-** धनतेरस पर इंदौर में करीब 10 हजार दोपहिया और 2 हजार कारों की डिलीवरी हुई। ऑटोमोबाइल कारोबार का अनुमानित आंकड़ा 400 करोड़ रुपये तक पहुंचा।
- **सराफा बाजार में चांदी की खरीदारी बढ़ी-** धनतेरस पर सोने-चांदी के भाव में कमी का असर बाजार पर दिखाई दिया। ग्राहकों ने सोने की तुलना में चांदी की अधिक खरीदारी की। आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी अच्छी ग्राहकी रही।

निर्माणाधीन ब्रिज के पास ट्रक से टकराई बाइक, 4 बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

धनतेरस पर नई बुलेट खरीदकर लौट रहे युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धनतेरस पर नई मोटरसाइकिल खरीदकर घर लौट रहे 25 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक के साथ बाइक पर उसका साला भी बैठा था, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों अहमदाबाद-इंदौर हाईवे पर अमझेरा फाटे के पास निर्माणाधीन ब्रिज से गुजर रहे थे। परिजन का आरोप है कि निर्माण कार्य के चलते सड़क का रास्ता बदला गया था, लेकिन वहां सड़क परिवर्तन का स्पष्ट संकेतक नहीं होने से बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गए। मृतक की पहचान ननसू पिता मंगलिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी कुंदनपुर, पोस्ट राणापुर के रूप में हुई है। वह परिवार की आपत्ति के बावजूद धनतेरस पर इंदौर से नई बुलेट खरीदने आया था। घर लौटते समय हादसा हुआ। बाइक पर साला मुकेश भी सवार था, जिसे गंभीर चोट आई है। ननसू की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा है। धनतेरस के त्योहार पर जिस नई बुलेट को लेकर वह खुशी-खुशी घर लौट रहा था, वही सफर परिवार के लिए जिंदगीभर का दर्द बन गया। परिवार को क्या पता था कि त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल जाएंगी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया। ननसू के शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजन को सौंप दिया गया। हादसे के बाद निमार्णाधीन ब्रिज पर यातायात व्यवस्था और सड़क परिवर्तन के संकेतों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।





साला गंभीर घायल

रास्ते में अमझेरा फाटे के पास अहमदाबाद-इंदौर हाईवे पर ब्रिज निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान आगे एक ट्रक चल रहा था और ननसू अपनी बुलेट लेकर उसके पीछे था। निर्माणाधीन ब्रिज के पास सड़क परिवर्तन को लेकर पर्याप्त संकेत नहीं होने के कारण उसे आगे के रास्ते का अंदाजा नहीं लग पाया। इसी दौरान बाइक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि ननसू की जान चली गई, जबकि उसका साला मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

मध्य प्रदेश से सात शहर शामिल, स्वच्छ सुपर लीग में इंदौर का इम्तिहान

देपालपुर की सफाई तय करेगी अवॉर्ड, 11 को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अवॉर्ड समारोह में 11 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के विजेता शहरों को सम्मानित करेंगी। दिल्ली के विज्ञान भवन में सुबह 11 बजे होने वाले समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर 57 श्रेणियों में अवॉर्ड दिए जाएंगे।

मध्य प्रदेश के इंदौर सहित 7 शहर सुपर स्वच्छ लीग में शामिल हैं। हालांकि, इस बार इंदौर के सामने अपनी सफाई व्यवस्था का स्तर बनाए रखने के साथ ही जोड़ीदार शहर देपालपुर की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने की भी चुनौती रही। समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे। सुपर स्वच्छ लीग की शुरूआत 2024 में हुई थी। यह उन शहरों की विशेष श्रेणी है, जिन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। इस लीग में शामिल शहरों के लिए कम से कम 85 प्रतिशत अंक हासिल करना जरूरी है। देशभर में 72 मेंटर शहरों को 195 मेंटी शहरों की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी दी गई थी। सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर के साथ सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा जैसे शहर भी शामिल हैं। वहीं, मिलियन प्लस शहरों की श्रेणी में अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ को भी सुपर स्वच्छ लीग में जगह दी गई है।



इंदौर को देपालपुर का मेंटर शहर बनाया गया

स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर को सामान्य शहरों की रैंकिंग से अलग सुपर स्वच्छ लीग में जगह दी गई है। इसके तहत स्वच्छ शहर जोड़ी पहल में इंदौर को देपालपुर का मेंटर शहर बनाया गया था। इंदौर को देपालपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पुराने कचरे के निपटान, जनजागरूकता और सफाई व्यवस्था के संचालन में सुधार के लिए मार्गदर्शन देना था। ऐसे में इस बार इंदौर के प्रदर्शन का आकलन केवल अपनी व्यवस्थाओं के आधार पर नहीं, बल्कि दूसरे शहर को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण रहा।

ब्राउन शुगर तस्कर संजय दत्त गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने बैकवर्ड लिंकेज पर दबोचा, आरोपी पर पहले से दर्ज हैं लूट और मारपीट के केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार देर रात विशाल उर्फ संजय दत्त को गिरफ्तार किया है। 21 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर पकड़ा है।

पुलिस के मुताबिक, वह ब्राउन शुगर की तस्करी और सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। खास बात यह है कि आरोपी के खिलाफ पहले से मारपीट, अड़ीबाजी और लूट जैसे आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, 4 नवंबर को टीम ने राजकुमार सब्जी मंडी स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर मनोज उर्फ मन्नू वर्मा (25) को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 15 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई थी। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपए बताई गई थी। इस मामले में अपराध क्रमांक 0183/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में केस दर्ज किया गया था।

पूछताछ में खुला संजय दत्त का नाम- मनोज से पूछताछ और मामले की जांच के दौरान पुलिस को विशाल उर्फ संजय दत्त बुंदेला की भूमिका का पता चला। वह निरंजनपुर नई बस्ती का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 भी बढ़ाई गई है।

लूट और मारपीट के केस भी दर्ज- पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ लसूड़िया थाने में 2022 और परदेशीपुरा थाने में 2023 में आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए थे। इनमें मारपीट, अड़ीबाजी और लूट की धाराएं शामिल हैं। आरोपी नौवीं तक पढ़ा है और विजयनगर स्थित विंध्येश्वरी ट्रैवल्स में काम करता है।

संघ प्रमुख ने आचार्य सुनील सागर महाराज से लिया आशीर्वाद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के नेमीनगर जैन कॉलोनी में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा से जुड़ा विशेष आयोजन हुआ। इस दौरान शुक्रवार की शाम करीब 6.30 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आचार्य सुनील सागर महाराज के दर्शन करने पहुंचे।

भागवत ने गुरुदेव से आशीर्वाद लिया और श्रद्धापूर्वक उनका पाद प्रक्षालन किया। आचार्यश्री के सान्निध्य में धर्म, अध्यात्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रजीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद भी हुआ। इस अवसर का प्रमुख आकर्षण आचार्य सुनील सागर महाराज को भारत गौरव उपाधि से अलंकृत किया गया। उनके तप, त्याग, साधना, धर्म प्रभावना और समाज को दिए जा रहे आध्यात्मिक मार्गदर्शन के सम्मान में यह उपाधि प्रदान की गई। डॉ. भागवत की उपस्थिति में हुए सम्मान समारोह ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। आचार्यश्री और डॉ. भागवत के बीच हुई चर्चा में आत्मकल्याण, नैतिकता, संस्कार, सामाजिक समरसता और समाज को सद्मार्ग की दिशा देने में आध्यात्मिक चेतना की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। धर्म और समाज के आपसी संबंधों के साथ भारतीय संस्कृति के मूल्यों तथा राष्ट्रजीवन में आध्यात्मिक दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर भी विचार साझा किए गए। इस संवाद में आध्यात्मिक साधना और सामाजिक दायित्वों के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया गया।

साले ने जीजा के सीने में घोंपा चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खुड़ैल थाना इलाके में बहन की लव मैरिज से नाराज 16 वर्षीय नाबालिग ने अपने जीजा की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार देर रात नीलगिरी परिसर में हुई।

युवक अपनी बड़ी सास के निधन पर आयोजित गमी के कार्यक्रम में शामिल होने आया था। गुरुवार को इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपक (22) पिता गोपाल निवासी बरोठा, देवास के रूप में हुई है। उसने करीब दो साल पहले गांव की युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद युवती के परिजनों ने कुछ समय तक दोनों से दूरी बना ली थी और बातचीत भी बंद कर दी थी। हालांकि, बाद में परिवार के बीच फिर से मेलजोल शुरू हो गया था। इसके बाद दीपक का ससुराल आना-जाना होने लगा था। टीआई कर्णीसिंह शक्तावत ने बताया कि बुधवार रात घर में गमी के कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन चल रहा था। इसी बीच रात करीब 2 बजे दीपक की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। वह टेंट की आड़ में चाकू के वार से घायल अवस्था में मिला।

504 बल्क लीटर बीयर, 320 लीटर ताड़ी जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप कुमार पुरी की हत्या के बाद अवैध शराब परिवहन के मामलों पर पुसिल ने जोर पकड़ लिया है। इस बीच आलीराजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीयर और ताड़ी जब्त की। इस अभियान के तहत चंद्रशेखर आजादनगर, नानपुर और आंबुआ पुलिस ने 3 अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने 504 बल्क लीटर बीयर और 320 लीटर ताड़ी जब्त की। 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

एमडी ड्रग्स के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

कार से 28.85 ग्राम बरामद, गुजरात और मुंबई के तस्करों से जुड़े तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान क्रेटा कार से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की। कार में सवार मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू और फिरोज को गिरफ्तार किया गया। वहीं, क्राइम ब्रांच ने 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक को पकड़ा है। खजराना पुलिस ने भी ड्रग्स सप्लाई के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक, गंगवाल बस स्टैंड पर चेकिंग के दौरान एक क्रेटा कार को रोककर तलाशी ली गई। इसमें मोहम्मद अफजल उर्फ अज्जू निवासी छिपा बाखल, मल्हारगंज और फिरोज निवासी खजराना कांकड़, एमआईजी सवार थे। तलाशी में उनके कब्जे से 28.85 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस को आरोपियों के सिंडिकेट बनाकर ड्रग्स की खरीद-फरोख्त करने की जानकारी मिली है। उनका मुख्य ठिकाना एमआईजी क्षेत्र में बताया जा रहा है। अब पुलिस सप्लायर, खरीदार और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

अफजल पर पहले से 13 आपराधिक केस

पुलिस जांच में सामने आया कि मोहम्मद अफजल के खिलाफ पहले से 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले भी शामिल हैं। वहीं, फिरोज के खिलाफ दो आपराधिक केस दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिरोज लंबे समय से ड्रग्स सप्लाई कर रहा था। वह दिखावे के लिए भंगार का कारोबार करता था। उसके नेटवर्क में श्रीनगर कांकड़ का शाहीद रांगा सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। आरोपियों के गुजरात और मुंबई के तस्करों से संपर्क होने की जानकारी भी मिली है। पुलिस इन कड़ियों की जांच कर रही है।

क्राइम ब्रांच ने होटल रिसेप्शनिस्ट को पकड़ा- इधर, क्राइम ब्रांच ने 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ राजेश बघेल निवासी लसूड़िया को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक होटल में रिसेप्शन पर काम करता था। पुलिस उससे ड्रग्स के स्त्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। खजराना पुलिस ने रिजवान उर्फ अमन निवासी ताज नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुछ दिन पहले अक्कू को एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 9
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com